उत्तर प्रदेश के हाथरस जिले के सिकंदराराऊ कस्बे के फुलरई गांव में मंगलवार को बड़ा हादसा हो गया। हादसे में मृतकों की संख्या 122 बताई जा रही है। 150 से अधिक घायल हैं।


# जनहितैषी

हिन्दी दैनिक

जनहितैषी अब janhitaishinews.com पर भी

R.N.I. No. 64278/96 वर्ष:29 अंक: 60 दिनांक:03-07-2024 बुधवार मूल्य : 1 रूपया 50 पैसा पृष्ठ:4 वडोदरा M




18वीं लोकसभा के पहले संसद सत्र का मंगलवार को सातवां दिन है। इस बीच पीएम मोदी भी लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के तहत जवाब दे रहे हैं। लोकसभा में अपने भाषण के दौरान पीएम मोदी ने यूपी के हाथरस में हुए हादसे पर दुख जाहिर किया।

## सत्संग के बाद भगदड़, 122 की मौत

### - शवों को देख हार्टअटैक से पुलिसवाले की मौत

हाथरस ( ईएमएस )। उत्तर प्रदेश के हाथरस जिले के सिकंदराराऊ कस्बे के फुलरई गांव में मंगलवार को बड़ा हादसा हो गया। यहां भोले बाबा का सत्संग चल रहा था। बताया गया है कि सत्संग समाप्त होने के बाद यहां से जैसे भी भीड़ निकलना शुरू हुई तो भगदड़ मच गई। इस भगदड़ में महिलाएं और बच्चे बुरी तरह कुचलते चले गए। मौके पर चीख-पुकार मच गई। हादसे में कई लोगों की मौत होने की आशंका है। घायलों को मेडिकल कॉलेज एटा भेजा गया है, अब तक 27 लोगों की मौत की खबर है। जिनके शव एटा मेडिकल कॉलेज पहुंचे। जबकि कुल मृतकों की संख्या 122 बताई जा रही है। जिनके शव अलीगढ़ भेजे गए हैं। 150 से अधिक घायल हैं। कई लोगों की हालत गंभीर है। मृतकों की संख्या बढ़ सकती है। वहीं सीएम योगी ने भी हादसे का संज्ञान लिया है।

हादसे के बाद हालात इस कदर भयावह हो गए कि अस्पताल के बाहर शव जमीन पर बिखरे पड़े रहे। हादसे के बाद जैसे-तैसे घायलों और मृतकों को बस-टैंपो में लादकर अस्पताल ले जाया गया। घटना की जांच के लिए एडीजी आगरा और अलीगढ़ कमिश्नर की टीम बनाई है। हादसे को अपनी आंखों से देखने वाली युवती ने बताया कि सत्संग में बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ी हुई थी। सत्संग समाप्त हुआ उसके बाद लोग वहां से जाने लगे। इसी दौरान निकलने की जल्दी में भगदड़ मच गई। लोग एक दूसरे को देख ही नहीं रहे थे। महिलाएं और बच्चे गिरते चले गए। भीड़ उनके ऊपर से दौड़ रही थी। कोई बचाने वाला नहीं था। चारों ओर चीख-पुकार मची हुई थी।

लाशों को देखकर सिपाही को आया हार्टअटैक

एटा में मेडिकल कॉलेज में लाशों का ढेर देखकर ड्यूटी पर तैनात सिपाही को हार्ट अटैक आ गया। उसकी मौके पर मौत हो गई। वह क्यीआरटी अवागढ़ में तैनात था। उसे मेडिकल कॉलेज आपात ड्यूटी पर बुलाया गया। इतनी लाशें देखकर वह बर्दाश्त न कर सका। सिपाही मूल रूप से सिद्धार्थनगर का रहने वाला था।

## चिराग पासवान के लोकसभा सदस्य के रूप में निर्वाचन को मिली चुनौती, याचिका दाखिल

नई दिल्ली ( ईएमएस )। दिल्ली उच्च न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि बिहार की हाजीपुर लोकसभा सीट से लोक जनशक्ति पार्टी ( रामविलास ) के अध्यक्ष चिराग पासवान के निर्वाचन को पटना उच्च न्यायालय में चुनौती दी जानी चाहिए। इस मुद्दे पर अदालत ने एक चुनाव याचिका 28 अगस्त को सुनवाई के लिये तय की है।

न्यायमूर्ति विकास महाजन ने याचिकाकर्ता के वकील से कहा, यह इस उच्च न्यायालय में कैसे सुनवाई योग्य है? निर्वाचन क्षेत्र बिहार राज्य में है। आपके लिए बेहतर है कि आप ( याचिका ) वापस लें और उस उच्च न्यायालय के पास जाएं, जिसके अधिकार क्षेत्र में यह है।'' न्यायाधीश ने सुनवाई के दौरान मौखिक रूप से कहा, '' यह इस अदालत के अधिकार क्षेत्र में नहीं है। अपनी याचिका में याचिकाकर्ता ने दावा किया कि वह प्रिंस राज और उनके सहयोगियों के कहने'' पर कथित यौन उत्पीड़न की शिकार हुईं, जिनमें उनके चचेरे भाई ( चिराग ) पासवान भी शामिल थे और उन्होंने लोकसभा चुनाव के लिए नामांकन पत्र दाखिल करते समय इस आपराधिक पृष्ठभूमि का खुलासा नहीं किया था। याचिका में बताया गया कि कथित यौन उत्पीड़न के संबंध में 2021 में एक प्राथमिकी दर्ज कराई जा चुकी है।

याचिका में कहा है कि गलत हलफनामा दाखिल करना या आपराधिक मामलों के संबंध में कोई जानकारी छुपाना जनप्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 125ए का उल्लंघन है और इसके लिए 6 महीने की कैद का प्रावधान है। निर्वाचन आयोग की ओर से पेश वकील सिद्धांत कुमार ने कहा कि चूंकि चुनाव बिहार में हुआ था, इसलिए जनप्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत चुनाव याचिका यहां विचारणीय नहीं है। केंद्र की ओर से मामले में पेश हुए अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल चेतन शर्मा ने दलील दी कि कानून के अनुसार सिर्फ निर्वाचन क्षेत्र का मतदाता या उम्मीदवार ही निर्वाचन को चुनौती देने के लिए चुनाव याचिका दायर कर सकता है और याचिकाकर्ता दोनों में से किसी भी श्रेणी में नहीं आती है।

## लातूर से नीट पेपर लीक केस में गिरफ्तार दोनों आरोपियों की कस्टडी सीबीआई को मिली

लातूर ( ईएमएस )। लातूर से नीट पेपर लीक केस में गिरफ्तार दोनों आरोपियों की कस्टडी सीबीआई को मिल गयी है । लातूर की अदालत ने आरोपी जलील पठान और संजय जाधव को 6 जुलाई तक सीबीआई हिरासत में भेजा। इसके पहले दिन में लातूर की अदालत में सीबीआई की अर्जी पर लंबी बहस चली। सीबीआई ने जहां केस ट्रांसफर होने का हवाला देकर आरोपियों की कस्टडी देने की मांग की वहीं बचाव पक्ष ने आरोपियों की कस्टडी का विरोध किया।

आरोप है कि दोनों पेपर लीक केस में एजेंट के तौर पर काम कर रहे थे।

## चलती मालगाड़ी से कंटेनर गिरे

### 3 किमी रेलवे ट्रैक टूटा,14 ट्रेनें रद्द, 38 डायवर्ट

करनाल ( ईएमएस )। हरियाणा के करनाल में मंगलवार सुबह तरावड़ी रेलवे स्टेशन के पास चलती मालगाड़ी से करीब 8 कंटेनर गिर गए। कंटेनर गिरने की वजह से बिजली लाइन और रेलवे ट्रैक को नुकसान पहुंचा। जिसके बाद रेलवे ने दिल्ली से अमृतसर के बीच चलने वाली ट्रेनों की आवाजाही रोक दी।

इस रूट पर 14 पैसेंजर और एक्सप्रेस ट्रेनें रद्द कर दी गईं। वहीं 38 ट्रेनों को डायवर्ट कर दिया गया। इस रूट पर रोजाना 60 से 70 रेल गाड़ियां अप-डाउन करती हैं। जो प्रभावित हुई हैं।

शुरूआती जांच के बाद बताया गया कि मालगाड़ी का ऐक्सल टूट गया था, जिससे लगे झटके के बाद मालगाड़ी से कंटेनर जा गिरे। वहीं मालगाड़ी के पिछले पहिए डीरेल होने की भी सूचना है। फिलहाल हादसे की जांच की जा रही है। वहीं करीब साढ़े 7 घंटे बाद रेलवे ने रिपेयरिंग कर दिल्ली-अंबाला रेल लाइन को ठीक कर दिया है। इस पर करनाल से अंबाला मालगाड़ी भेजकर ट्रायल किया जा चुका है, जबकि अंबाला से दिल्ली रेल लाइन दोपहर बाद सवा 3 बजे यानी 11 घंटे बाद बहाल हुई।

## संसद में अखिलेश बोले- हमारी इकोनॉमी 5वें नंबर पर, लेकिन आय क्यों छिपाती है सरकार

### भारत की प्रति-व्यक्ति आय 2 लाख, अमेरिका की 71 लाख

नई दिल्ली( ईएमएस )। संसद सत्र की मंगलवार की कार्यवाही में सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि सरकार कहने को तो कहती है कि यह पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था बन गई है। मगर सरकार क्यों छिपा रही है कि अगर यह सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है तो हमारे देश की प्रति व्यक्ति आय किस स्थान पर पहुंची है। हमने देखा है कि अगर दिल्ली सरकार ने कहा होगा पांच ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनेगी, तो जहां से पीएम से चुनकर आती है, तो वहां की प्रदेश सरकार कह रही है कि हम एक ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बना लेंगे। अगर उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को एक ट्रिलियन डॉलर बनना है तो 35 फीसदी की ग्रोथ चाहिए। मुझे नहीं लगता है कि इतनी ग्रोथ हो पाएगी।

अखिलेश यादव के बयान की जांच करें तो फोब्र्स के अनुसार, दुनिया की टॉप-10 इकोनॉमी वाले देश की लिस्ट में अमेरिका 28.78 ट्रिलियन डॉलर की जीडीपी के साथ पहले नंबर पर है। अमेरिका की प्रति व्यक्ति आय 71.30 लाख है और भारत की केवल 2.28 लाख रुपए। भारत 3.94 ट्रिलियन डॉलर की जीडीपी के साथ दुनिया की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश है। हालांकि, टॉप-10 जीडीपी वाले देश में सबसे कम प्रति व्यक्ति आय भारत की है। भारत में प्रति व्यक्ति आय 13.14 हजार डॉलर यानी करीब 2.28 लाख रुपए है। वहीं, अमेरिका की प्रति व्यक्ति आय 85.37 हजार डॉलर यानी करीब 71.30 लाख रुपए है। अमेरिका सबसे अमीर देश और सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में इस लिस्ट में 1960 से टॉप पर है। अमेरिका की अर्थव्यवस्था में डायवर्सिटी है, जिसमें सर्विसेज, मैन्युफैक्चरिंग, फाइनेंस और टेक्नोलॉजी सहित अन्य सेक्टर शामिल हैं। 1960 में चीन की अर्थव्यवस्था चौथे स्थान पर थी, जो 2023 में दूसरे स्थान पर पहुंच गई है। चीन की अर्थव्यवस्था मुख्य रूप से मैन्युफैक्चरिंग, एक्सपोर्ट और इन्वेस्टमेंट पर निर्भर करती है। इनके पास बड़ी संख्या में वर्कफोर्स, तेजी से बढ़ता मार्केट और एडवांस इन्फ्रास्ट्रक्चर है।

लोगों का जीवन स्तर बताती है प्रति व्यक्ति आय

जीडीपी देश में एक अवधि के भीतर उत्पादित वस्तुओं और सेवाओं के कुल मूल्य को मापती है। इसमें देश की सीमा के अंदर रहकर जो विदेशी कंपनियां प्रोडक्शन करती हैं उन्हें भी शामिल किया जाता है। ये इकोनॉमी की हेल्थ को बताती है। जीडीपी दो तरह की होती है। रियल जीडीपी और नॉमिनल जीडीपी। रियल जीडीपी में वस्तुओं और सेवाओं की वैल्यू का कैलकुलेशन बेस ईयर की वैल्यू या स्टेबल प्राइस पर किया जाता है। फिलहाल जीडीपी को कैलकुलेट करने के लिए बेस ईयर 2011-12 है। वहीं नॉमिनल जीडीपी का कैलकुलेशन करंट प्राइस पर किया जाता है। यह किसी देश में रहने वाले व्यक्तियों की औसत इनकम होती है। इसे कैलेकुलेट करने के लिए हम उस देश के जीडीपी को उसकी कुल आबादी से भाग कर देते हैं। यह देश के नागरिकों की समृद्धि को दर्शाने वाला एक महत्वपूर्ण सूचक है। प्रति व्यक्ति आय का इस्तेमाल लोगों के जीवन स्तर और क्वालिटी ऑफ लाइफ का मूल्यांकन करने के लिए किया जाता है।

## जून में भारत का ग्रॉस जीएसटी कलेक्शन बढ़कर 1.74 लाख करोड़ पहुंचा

नई दिल्ली ( ईएमएस )। भारत का ग्रॉस जीएसटी कलेक्शन जून में सालाना आधार पर 7.7 फीसदी बढ़कर 1.74 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया। एक आधिकारिक सूत्र ने यह जानकारी दी। इससे चालू वित्त वर्ष में अब तक कुल जमा राशि 5.57 लाख करोड़ रुपये हो गई है। अप्रैल 2023 में जीएसटी कलेक्शन 1.87 लाख करोड़ रुपये के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गया। नवीनतम डेटा भारत में जीएसटी की सातवीं वर्षगांठ के साथ मेल खाता है। जीएसटी में लगभग 17 स्थानीय कर एवं उपकर शामिल किए गए और इसे एक जुलाई, 2017 को लागू किया गया था।

जीएसटी की लागू करना भारतीय कराधान इतिहास में एक प्रमुख मोड़ था। भारत जैसे विविधतापूर्ण और संघीय राष्ट्र में जहां कई कर कानूनों को एक प्रणाली में जोड़ दिया गया था, इस सर्व-समावेशी प्रणाली को अपनाना विशेष रूप से उल्लेखनीय था। सूत्र ने बताया कि जून में एकत्र कुल सकल जीएसटी राजस्व में से सीजीएसटी 39,586 करोड़ रुपये और एसजीएसटी 33,548 करोड़ रुपये है। वित्त मंत्रालय ने कहा कि माल और सेवा कर आने से घरेलू उत्पादों और मोबाइल फोन के लिए कर की दरें कम हुई हैं और इससे हर घर को राहत मिली है। नई अप्रत्यक्ष कर प्रणाली के तौर पर जीएसटी ने सोमवार को अपने सात साल पूरे किए हैं। सातवें जीएसटी दिवस का विषय सशक्त व्यापार, समग्र विकास है। मंत्रालय ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा ?कि जीएसटी लागू होने के बाद घरेलू सामानों पर कर की दरें कम होने से घरेलू उपकरणों और मोबाइल फोन पर कम जीएसटी के माध्यम से हर घर को खुशी और राहत मिली है।

## बारिश से हाहाकार...70 की मौत, 10 लाख प्रभावित

### - मिजोरम में लैंडस्लाइड, 3 की जान गई; गुजरात के जूनागढ़ में स्कूल-कॉलेज बंद

नई दिल्ली( ईएमएस )। मप्र सहित पूरे उत्तर भारत में बारिश ने हाहाकार मचा रखा है। असम में जहां 60 लोगों की मौत हो गई, वहीं गुजरात में भारी बारिश के चलते 10 लोगों की मौत का समाचार है। असम में भारी बारिश से 3 लाख से अधिक लोग प्रभावित हुए और कई लोग बेघर हो गए। राज्य के 12 जिले पूरी तरह जलमग्न हो गए। जहां बड़े पैमाने पर राहत व बचाव कार्य चलाया जा रहा है। असम की प्रमुख नदी अलकनंदा का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। मिजोरम के आइजोल में मंगलवार को लैंडस्लाइड में चार साल की बच्ची सहित तीन लोगों के मरने की सूचना है। सभी लोग अपने घर में सो रहे थे, तभी लैंडस्लाइड के कारण टिन की छत वाली बिल्डिंग ढह गई। इस दौरान परिवार के कुछ सदस्य भागकर अपनी जान बचाई, लेकिन एक कपल और उनकी बेटी मलबे में दब गए।

उधर गुजरात में भी बारिश ने भारी तबाही मचाई है। सूरत में बारिश के साथ तूफानी हवा के चलते कई पेड़ उखड़ गए और कच्चे घर धराशायी हो गए। यहां भरुच, कच्छ, गांधीनगर, अहमदाबाद, मेहसाणा, पोरबंदर, जूनागढ़, वलसाड़ सहित गुजरात के निकट दादरनगर हवेली के कई जिले जलमग्न हो गए। यहां लगभग 7 लाख से अधिक लोग बाढ़ से प्रभावित हुए हैं। उधर राजस्थान, पंजाब, हरियाणा में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया। वहीं उत्तराखंड में भारी बारिश से जीवन-जीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया।

13 नदिया खतरे के निशान से ऊपर

एक आधिकारिक बुलेटिन में बताया गया कि ब्रह्मपुत्र समेत 13 प्रमुख नदियां विभिन्न स्थानों पर खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। इसके चलते कई जिलों में भारी से बहुत भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है असम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ( एएसडीएमए ) के अनुरोध पर डिब्रूगढ़ के हटिया अली इलाके से मछुआरों को बचाया गया है। अधिकारी ने बताया कि एएसडीएमए ने वायु सेना से अनुरोध किया कि 13 मछुआरों को बचाने में मदद करें। वहीं, एयरलिफ्ट से लोगों को बचाने में जो भी खर्चा आएगा वो भी खुद एसडीएमए ही उठाएगा।

मप्र के 23 जिलों में भारी बारिश...

पूरे मध्यप्रदेश में मानसून की जोरदार बारिश हो रही है। प्रदेश में मानसून के 6 दिन विलंब से आने के बावजूद जून में औसत बारिश हुई है। प्रदेश में जून में 5 इंच बारिश होती है, लेकिन इस बार लक्ष्य से सिर्फ आधा इंच बारिश दूर हुई। प्रदेश में साढ़े 4 इंच बारिश हुई। इनमें 21 जिलों में औसत से अधिक, जबकि 30 से अधिक औसत से कम बारिश हुई है। फिलहाल पूरे प्रदेश में मानसून सक्रिय है और जुलाई में औसत से अधिक बारिश का अनुमान जताया जा रहा है। मौसम विभाग के अनुसार अगले 5 दिनों में प्रदेश में भारी बारिश का अनुमान है। उधर देश के अन्य राज्यों में भी जोरदार बारिश हो रही है। पंजाब, उत्तरप्रदेश, हरियाणा, असम और पूर्वोत्तर राज्यों में हो रही भारी बारिश के चलते जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। जून में देशभर में 147.2 मि.मी. बारिश हो चुकी है, जो सामान्य से थोड़ी कम है। दिल्ली में जून के अंतिम दो दिन में रिकार्ड बारिश से कई निचले इलाके जल मग्न हो गए। यहां अब भी कई इलाके पानी में डूबे हुए हैं। उधर दिल्ली के अलावा महाराष्ट्र में भी बारिश से लोगों का बुरा हाल है।

## केजरीवाल की गिरफ्तारी पर हाईकोर्ट का सीबीआई को नोटिस

### 7 दिन में जवाब मांगा, शराब नीति केस में 3 दिन रिमांड में रखा था

नई दिल्ली ( ईएमएस )। दिल्ली हाईकोर्ट में मंगलवार को सीबीआई की ओर से की गई गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की याचिका पर सुनवाई हुई। जस्टिस नीना बंसल कृष्णा ने सीबीआई को नोटिस जारी कर 7 दिन में जवाब मांगा है। मामले की अगली सुनवाई 17 जुलाई को होगी।

केजरीवाल की ओर से सोमवार को याचिका दाखिल की गई थी। केजरीवाल ने राउज एवेन्यू कोर्ट के 26 जून के उस आदेश को भी चुनौती दी है, जिसके तहत उनको 3 दिन के लिए सीबीआई की रिमांड पर भेजा गया था। फिलहाल केजरीवाल 12 जुलाई तक न्यायिक हिरासत में हैं। सीबीआई केजरीवाल के खिलाफ शराब नीति केस में भ्रष्टाचार से जुड़े मामले की जांच कर रही है। इस मामले में सीबीआई ने 26 जून को केजरीवाल को गिरफ्तार किया था। दिल्ली सीएम शराब नीति से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पहले से ही तिहाड़ में बंद हैं।

## पाकिस्तान की जेल से भागे 19 खूंखार कैदी.....भारत का मोस्ट वांटेड भी

इस्लामाबाद ( ईएमएस )। पाकिस्तान ने भारत के एक मोस्ट वांटेड आंतकी को अपने घर में पाला हुआ था। अब पता चला है कि यह जेल तोड़कर भाग गया। पीआके के पुंछ में जिला जेल रावलकोट में मंगलवार को जेल ब्रेक की घटना हुई है। घटना में 19 कैदी फरार हो गए, इसमें से कुछ गंभीर अपराधों की सजा काट रहे थे।

पिस्तौल के बल पर कैदियों ने जेल गार्ड को अपने कब्जे में लिया। जिन कैदियों ने भागने का प्लान बनाया था, वह मुख्य द्वार के गार्ड पर हावी हो गए। भागने वालों में मौत की सजा पाए छह कैदी भी शामिल हैं। इनका नाम साकिब मजीद, उस्मान इकरार, शमीर आजम, अमीर अब्दुल्ला, फैसल हमीद और नजीर यासीन है।

भागने वाले अन्य कैदी नौमान आसिफ, आसिफ दिलबर और सकलैन सरफराज को 20 साल की सजा और मुकर्रम फैसल, साजिद नजीर और सोहेल रशीद को 10 साल की सजा हुई थी। गाजी शहजाद, फैजान अजीज, ओसामा मुर्तजा, उमाम मुस्तफा और मुहम्मद शब्बीर पर मुकदमा चल रहा था। एक अन्य कैदी हैबतुल्लाह लॉकअप में था। सूत्रों के हवाले से बताया कि गाजी शहजाद एक प्रतिबंधित संगठन का सदस्य है और भारत की ओर से वांटेड घोषित है। माना जा रहा है कि यही जेल तोड़ने का मास्टरमाइंड है। अधिकारियों ने इसकी जांच शुरू कर दी है कि जेल तोड़ने का कारण क्या था। जेल के कुछ अधिकारियों को उनके पद से बर्खास्त कर दिया गया है। जबकि कुछ अधिकारियों को पूछताछ के लिए गिरफ्तार किया गया है। हाई रिस्क के कैदियों को जेल से निकालकर दूसरी जगह ट्रांसफर किया गया है।

## पीएम मोदी का तंज, बालक बुद्धि का भरोसा नहीं.....कभी गले पड़ता है, कभी आंख मारता

### आदमखोर जानवर की तरह कांग्रेस के मुंह में झूठ का खून लग गया

नई दिल्ली ( ईएमएस )। 18वीं लोकसभा के पहले संसद सत्र का मंगलवार को सातवां दिन है। इस बीच पीएम मोदी भी लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के तहत जवाब दे रहे हैं। लोकसभा में अपने भाषण के दौरान पीएम मोदी ने यूपी के हाथरस में हुए हादसे पर दुख जाहिर किया। उन्होंने कहा कि इस हादसे में जिनकी भी जान गई उनके प्रति संवेदना व्यक्त करता हूं। साथ ही जो घायल हुए हैं उनके जल्द ही स्वस्थ होने की कामना करता हूं। मैं इस सदन के माध्यम से सभी को भरोसा देता हूं कि सभी पीड़ितों की मदद की जाएगी।

इसके पहले पीएम मोदी ने कहा कि अब चुनाव हो चुके हैं। देशवासियों ने पांच सालों के लिए विकसित भारत बनने का काम एनडीए को सौंप दिया है। आवश्यक है कि विकसित भारत के निर्माण के लिए सदन के सभी माननीय सदस्यों का योगदान होना चाहिए। मैं सभी सांसदों को निमंत्रण देता हूं कि भारत को विकसित बनाने में आप भी आगे आइए।

सेना में भर्ती पर कांग्रेस झूठ फैला रही

पीएम मोदी ने कहा कि हमारी सेना पर सवाल उठाया गया। यह देश के लिए गंभीर बात है। युवाओं का मनोबल गिराने की कोशिश हो रही है। सेना में भर्ती पर कांग्रेस झूठ फैला रही है। युवा को सेना से दूर रखने का षडयंत्र हो रहा है। वन रैंक वन पेंशन पर झूठ फैलाया गया। वहीं नीट पेपर लीक मामले पर पीएम मोदी ने कहा कि हमारी सरकार ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए अत्यंत गंभीर हैं। मैं देश के नौजवानों से कहना चाहूंगा कि देश के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वालों को छोड़ा नहीं जाएगा।

पीएम मोदी ने कांग्रेस पर हमला कर कहा कि हिंदू परंपरा, हिंदू समाज इस देश की विरासत को नीचा दिखाना, गाली देना, अपमानित करना हिंदुओं का मजाक करना फैशन बन गया। इस संरक्षण देने का काम अपने राजनीतिक स्वार्थ के लिए इसतरह के तत्व कर रहे हैं। हमारे देवी देवताओं का अपमान 140 करोड़ लोगों के देशवासियों के दिलों को चोट पहुंचा रहा है। सदन के कल के दृश्यों को देखकर अब हिंदू समाज को भी सोचना होगा क्या ये अपमान केवल संयोग है या कोई प्रयोग की तैयारी है ये हिंदू समाज को सोचना पड़ेगा।

आंबेडकर ने क्यों दिया था नेहरू कैबिनेट से इस्तीफा

पीएम मोदी ने कहा ये वे लोग हैं जिन्होंने प्रारंभ से देश के दलितों और पिछड़ों के साथ घोर अन्याय किया है। इसकारण से बाबा साहेब आंबेडकर ने कांग्रेस की दलित विरोधी मानसिकता के कारण नेहरू कैबिनेट से इस्तीफा दिया था। इस्तीफा देकर आंबेडकर ने कहा था कि मैं सरकार द्वारा एससी जातियों की उपेक्षा पर अपने अंदर उत्पन्न आक्रोश को रोक नहीं सकता।

पीएम मोदी ने अपने संबोधन में राहुल गांधी का नाम लिए बना तंज कसते हुए कहा कि कल जो हुआ उसे गंभीरता से लिए बिना हम संसदीय लोकतंत्र को संरक्षित नहीं कर सकते है। इस हरकत को बालक बुद्धि मानकर अब नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। कतई नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। मैं इसलिए कह रहा हूं कि इसके पीछे इरादे नेक नहीं है। मैं देशवासियों को भी जगाना चाहता हूं। इन लोगों का झूठ हमारे देश के नागरिकों की विवेक बुद्धि पर आशंका व्यक्त करता है। पीएम मोदी ने कहा ईवीएम को लेकर झूठ, संविधान को लेकर झूठ, आरक्षण को लेकर झूठ, उससे पहले राफेल को लेकर झूठ, एचएएल को लेकर झूठ, एलआईसी को लेकर झूठ, बैंकों के लेकर झूठ, कर्मचारियों को भी भड़काने के प्रयास हुआ। हौसला इतना बढ़ गया कि सोमवार को अग्निवीर को लेकर सदन में झूठ बोला गया। सोमवार को सदन में भरपूर असत्य बोला गया कि एमएसपी नहीं दिया जा रहा है। संविधान की गरिमा से खिलवाड़ ये सदन का दुर्भाग्य है और अनेक बार लोकसभा में जीतकर सदन की गरिमा के साथ खिलवाड़ करें ये शोभा नहीं देता है। अपने संबोधन में पीएम मोदी ने अखिलेश और कांग्रेस को लपेटा.....तुलसीदास जी कह गए हैं, अखिलेश जी.. झूठई लेना, झूठई देना, झूठई भोजन, झूठई चबेना। कांग्रेस ने झूठ को राजनीति का हथियार बनाया। कांग्रेस के मुंह झूठ लग गया है। जैसे आदमखोर जानवर होता है जिसके लहू मुंह पर लग जाता है। वैसे कांग्रेस के मुंह झूठ का खून लग गया है। देश ने एक जुलाई को खटाखट दिवस भी मनाया है। एक जुलाई को लोग अपने बैंक अकाउंट चेक कर रहे थे कि 8500 रुपये आए कि नहीं आए। मंचों से साफ-साफ घोषणा की गई कि अगर इनके मन का परिणाम नहीं आया तब 4 जून को देश में आग लगा दी जाएगी। बालक बुद्धि में ना बोलने का ठिकाना होता और न ही बालक बुद्धि में व्यवहार का कोई ठिकाना होता है। जब ये बालक बुद्दि पूरी तरह सवार हो जाती है, तब सदन में भी किसी के गले पड़ जाते हैं। ये बालक बुद्धि अपनी सीमाएं खो देती हैं, तब सदन के अंदर बैठकर आंखें मारता है। पीएम मोदी ने कहा 6-6 दशक तक राज करने वाली कांग्रेस पार्टी अराजकता फैलाने में जुटी है। ये दक्षिण में जाकर उत्तर के लोगों के खिलाफ बोलते हैं। उत्तर में जाकर पश्चिम के लोगों को खिलाफ जहर उगलते हैं। महापुरुषों के खिलाफ बोलते हैं। इन्होंने भाषा के आधार पर बांटने की हर कोशिश की है।

कांग्रेस की इतिहास में तीसरी सबसे बड़ी हार

पीएम मोदी ने कांग्रेस के इतिहास का ये पहला मौका है जब लगातार तीन बार कांग्रेस 100 का आंकड़ा पार नहीं कर सकी है। कांग्रेस के इतिहास में ये तीसरी बार सबसे बड़ी हार है। तीसरा सबसे खराब प्रदर्शन है। अच्छा होता कांग्रेस अपनी हार स्वीकार करती, जनता जनार्दन के आदेश के सिर आंखों पर चढ़ाती, आत्ममंथन करती लेकिन ये कुछ शीर्षासन करने में लगे हुए हैं। कांग्रेस और उसकी इको सिस्टम दिन रात बिजली जलाकर हिंदुस्तान के नागरिकों के मन में ये प्रस्थापित करने की कोशिश कर रहे हैं कि उन्होंने हमें हरा दिया है।

## उन्होंने कहा कि अब जितना सफर, उतना ही टोल देना होगा - गडकरी

नईदिल्ली( ईएमएस )। एक समाचार चैनल के कार्यक्रम में केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने अगले 5 साल का रोडमैप पेश किया। गडकरी ने इस दौरान टोल टैक्स को लेकर बड़ा ऐलान किया है। उन्होंने कहा कि अब जितना सफर, उतना ही टोल देना होगा। 3 महीने के अंदर ये सुविधा शुरू हो जाएगी।

गडकरी ने कहा कि भारत को 5 ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी बनाने के लक्ष्य को हासिल करने के लिए मोदी सरकार लगातार कोशिशें कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लीडरशिप में देश ने 10 साल में इंफ्रास्ट्रक्चर सेक्टर में कई उपलब्धियां हासिल की।

## नीट मामले पर डी वाई चंद्रचूड़ की बेंच करेगी सुनवाई,सुप्रीम कोर्ट 8 जुलाई को मामले सुनेगा

नई दिल्ली( ईएमएस )। 8 जुलाई को नीट पेपर लीक मामले पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होनी है। इस पर सुनवाई चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया डी वाई चंद्रचूड़ की बेंच करेगी। दरअसल, नीट पेपर लीक, परीक्षा में हुई गड़बड़ियों और ग्रेस मार्क्स के मुद्दे पर लगाई गईं सभी याचिकाओं पर 8 जुलाई को एक साथ सुनवाई होनी है।

नीट पेपर लीक की खबरों के बीच ही एनटीए ने 18 जून को हुए यूजीसी नेट की परीक्षा को अगले 24 घंटे के भीतर ही कैंसिल कर दिया था। इसके साथ ही 23 जून को होने वाली नीट-पीजी परीक्षा भी कैंसिल की गई थी। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने 28 जून की रात यूजीसी-नेट, सीएसआईआर-नेट और एनसीईटी की परीक्षाओं की नई तारीखों का ऐलान भी कर दिया। ये एग्जाम 10 जुलाई से 4 सितंबर के बीच होना तय है। ये तीनों परीक्षाएं पहले जून में होनी थीं, जो अलग-अलग वजहों से कैंसिल हो गई थीं।

## महाराष्ट्र में विधान परिषद चुनाव में दिलचस्प हुआ मुकाबला

मुंबई ( ईएमएस )। महाराष्ट्र में विधान परिषद चुनाव में मुकाबला दिलचस्प हो गया है। क्योंकि महा विकास अघाड़ी ने विधान परिषद् चुनाव में अतिरिक्त उमीदवार उतारकर सत्ताधारी महायुति का टेंशन को बढ़ा ही है। साथ ही साथ चुनाव को और रोचक बना दिया है। दरअसल, मामला ये है कि उद्धव ठाकरे के निजी सचिव मिलिंद नार्वेकर ने विधान परिषद् चुनाव का परचा भर दिया है। यह चुनाव 12 जुलाई को होने जा रहा है।

मिलिंद नार्वेकर उद्धव गुट वाली शिवसेना पार्टी के ना केवल सचिव है बल्कि पार्टी के एक अहम् राजनीतीकार भी माने जाते हैं। नार्वेकर के मैदान में उतरने से मामला इस लिए दिलचस्प हो गया है क्योंकि खाली सीटों की संख्या सिर्फ 11 है जबकि उन्हें मिलाकर कुल 12 प्रत्याशी हो गए है। अधिक उमीदवार होने का मतलब है कि चुनाव होना तय है।चूंकि विधान परिषद् के चुनाव गुप्त मतदान के जरिये होना है इसलिए क्रॉस वोटिंग की भी आशंका बनी रहती है। कई मौकों पर ऐसा देखा गया है कि अतिरिक्त उम्मीदवार भी चुनाव जीत जाते हैं।

## राजस्थान के करौली में श्योपुर के 9 लोगों की सड़क हादसे में मौत

श्योपुर ( ईएमएस )। राजस्थान के करौली में मध्य प्रदेश के श्योपुर के 9 लोगों की सड़क हादसे में मौत हुई है। हादसे में 4 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी लोग करौली के कैला देवी दर्शन के लिए गए थे। सभी मृतक जिले के भूतकचा गांव के रहने वाले है। करौली एसपी ब्रजेश ज्योति उपाध्याय ने बताया कि डूंडापुरा मोड़ के पास तेज रफ्तार कार और ट्रक की आमने-सामने की टक्कर हो गई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, वाहन के अनियंत्रित होने के कारण हादसा हुआ है। बोलेरो में सवार श्योपुर के लोग कैला देवी के दर्शन करने जा रहे थे।

मध्यप्रदेश शासन की ओर से मृतकों के परिजनों को 4-4 लाख की आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी।

## 25 लाख में दी गई थी सलमान की सुपारी

मुंबई ( ईएमएस )। एक्टर सलमान खान के घर हुई फायरिंग की जांच कर रही नवी मुंबई पुलिस ने नया खुलासा किया है। पुलिस का कहना है कि लॉरेंस गैंग ने सलमान को मारने के लिए 25 लाख रुपए की सुपारी दी थी। पुलिस ने अब इस मामले में गिरफ्तार किए गए लॉरेंस गैंग के 5 आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की है। ये आरोपी सलमान पर हमला करने के लिए पाकिस्तान से एके-47 राइफल, एके-92 राइफल और एम-16 राइफल खरीदने की तैयारी कर रहे थे। इसके अलावा इन्होंने जिगाना पिस्तौल भी मंगवाने की कोशिश की, जिससे पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसेवाला की हत्या की गई थी।

## खंगाले जाएंगे नीट घोटालेबाजों के रिश्तेदारों के बैंक अकाउंट!सीबीआई ने बढ़ाया जांच का दायरा

पटना( ईएमएस )। पटना नीट पेपर लीक मामले में सीबीआई को आरोपियों के नेटवर्क मैपिंग

## जन हितैषी

### संसद में दिया गया राहुल गांधी का भाषण चर्चाओं में

राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव की चर्चा के पहले, विपक्ष नीट वाले मामले की चर्चा करना चाहता था। सरकार ने स्थगन प्रस्ताव मंजूर नहीं किया। सरकार और आसंदी का कहना था। राष्ट्रपति के धन्यवाद प्रस्ताव पर विपक्ष अपनी बात कह सकता है। राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव के दौरान स्थगन या अन्य प्रस्ताव पर चर्चा की अनुमति नहीं दी जा सकती है। सरकार को भरोसा था, स्थगन प्रस्ताव को लेकर विपक्ष हो-हल्ला और हंगामा करेगा। धन्यवाद प्रस्ताव की चर्चा में भाग नहीं लेगा। सरकार विपक्ष के ऊपर आरोप लगाएगी। विपक्ष चर्चा ही नहीं करना चाहता है। इससे सरकार को नीट का मामला डाइवर्ट करने में मदद मिलती। विपक्ष भी अब सत्ता पक्ष की चाल को समझने लगा है। राष्ट्रपति के धन्यवाद प्रस्ताव पर विपक्ष चर्चा करने के लिए तैयार हो गया। सत्ता पक्ष की ओर से पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने शुरुआत की। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपलब्धियां और अयोध्या मैं राम मंदिर के निर्माण और विकास को अपने भाषण में शामिल किया। अनुराग ठाकुर ने सरकार और प्रधानमंत्री मोदी की जो उपलब्धियां बताई थी। उसी को आधार बनाकर राहुल गांधी ने विपक्ष की ओर से अपना पक्ष रखा। राहुल गांधी ने अयोध्या मामले में हिंदू और नफरत को राम मंदिर ओर अयोध्या के विकास से जोड़कर ,जिस तरह अहिंसा और हिंदू की व्याख्या की। वह तारीफ करने योग्य थी। राहुल गांधी ने अपने भाषण में भगवान शिव, गुरु नानक देव, यीशु मसीह, भगवान राम के अहिंसा संदेशों की याद दिलाते हुए कहा, किसी ने भी हिंसा का कभी समर्थन नहीं किया। हिंदुत्व,अग्निवीर,पेपर लीक एवं कोटा का उल्लेख करते हुए,उन्होंने सरकार के ऊपर तीखा हमला बोला। राहुल गांधी भारतीय जनता पार्टी की राजनीति को समझ गए हैं। उन्होंने डर और भय की राजनीति से दूर रहने के लिए कहा। उन्होंने सदन के अंदर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ऊपर निशाना साधते हुए, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह,सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी और भाजपा के अंदर प्रधानमंत्री मोदी के भय का उल्लेख करते हुए, सत्ता पक्ष को निशाने पर लिया। आसंदी को उन्होंने सर्वोच्च बताते हुए किसी के सामने नहीं झुकने की सलाह दे डाली। अडानी और अंबानी का भी उल्लेख उन्होंने नोटबंदी से जोड़कर कर दिया। सांप्रदायिक आधार पर लोगों के बांटने पर उन्होंने सरकार को घेरा। उन्होंने यह भी कह दिया, हिंदू समाज कभी हिंसक नहीं हो सकती है। एक तरह से उन्होंने भाजपा और उनके सभी सहयोगी संगठनों को हिंदू के नाम पर हिंसक बताने का काम किया।

बहरहाल राहुल गांधी के 1 घंटे 40 मिनट के भाषण को लेकर, जिस तरह की प्रतिक्रिया सारे देश में हो रही है। उसमें विपक्ष के नेता के रूप में उन्हें सराहा गया है। वहीं सदन में सरकार को हर मुद्दे में घेरने में सफल हुए हैं। यह अलग बात है, राहुल गांधी के भाषण के कई अंश लोकसभा की कार्रवाई से हटा दिए गए हैं। डिजिटल मीडिया के जमाने में लोकसभा की कार्रवाई लाइव चल रही थी। राहुल ने जो भी बोला, वह राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर करोड़ों लोगों तक तुरंत पहुंच गया। स्थगन प्रस्ताव सरकार और लोकसभा अध्यक्ष ने भले स्वीकार नहीं किया। राहुल गांधी ने जिस तरह से परीक्षा मे हो रही गड़बड़ी,अग्निवीर, सत्य- अहिंसा ओर हिंदू की व्याख्या की है। राहुल गांधी ने कहा हिंदू कभी हिंसक नहीं हो सकता है। जो हिंसक है, वह हिंदू नहीं हो सकता है। हिंदुत्व और हिंदू धर्म को लेकर उन्होंने सत्ता पक्ष के लिए कड़ी चुनौती खड़ी कर दी है। राहुल गांधी ने संसद के अंदर जनता की समस्याओं को मजबूती के साथ रखा है। राहुल गांधी के भाषण की चर्चा सारे देश और दुनिया में हो रही है। राहुल गांधी की जो छबि बनाई गई थी। नेता प्रतिपक्ष के रूप में राहुल गांधी की छवि ठीक उसके विपरीत नजर आई, यही राहुल गांधी और विपक्ष की सफलता है।

# ओम कहूं मैं अनुभव अपना

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के पहले भाषण में परिपक्वता थी या बचपना ये तय करने के लिए आप। स्वतंत्र हैं। लेकिन मुझे लगता है कि पिछले दस साल में पहली बार सत्तारूढ़ दल को असुविधा का सामना करना पड़ा है। राहुल ने हिंदुत्व की तलवार से ही हिंदू सम्राट और उनकी पलटन को छकाया है।

विपक्ष के नेता राहुल गांधी कल तक भारतीय जनता पार्टी के लिए पप्पू और मोशा की जोड़ी के लिए कांग्रेस के शाहजादा भर थे किन्तु अब वे विपक्ष के नेता भी हैं। राहुल को नयी भूमिका में स्वीकार करना मोशा की मजबूरी है,वो भी संवैधानिक मजबूरी।अब सरकार राहुल गांधी को पप्पू नहीं कह सकती। लोकसभा अध्यक्ष माननीय ओम बिरला राहुल का माइक बंद करने का दुस्साहस नहीं कर सकते। लोकसभा स्थगित करने से पहले भी उन्हें सत्तारूढ़ दल की ओर सौ बार देखना पड़ेगा।

हिंदू धर्म ग्रंथ रामचरित मानस में जैसे गोस्वामी तुलसीदास ने। पूरी कथा शिव -पार्वती संवाद के रूप में कहीं ठीक वैसे ही राहुल गांधी ने देश की व्यथा -शिव जी कहते हैं के जरिए बखान की। और पूरे सदन ने उन्हें सुना। सोमवार को हंगामा विपक्ष की ओर से नहीं बल्कि सत्तापक्ष की ओर से हुआ। कभी कभी लगा कि जैसे राहुल लोकसभा अध्यक्ष को इंगित कर कह रहे हैं कि - ओम कहूं मैं अनुभव अपना,सत हरि भगति,जगत है सपना ।

राहुल के भाषण पर माननीय बैशाखा प्रधानमंत्री जी ही नहीं बल्कि उनके तमाम खासमखास सिपाहसलार खिसियाए,भन्नाए,बमके किंतु राहुल की बोलती बंद नहीं कर सके । राहुल गांधी के भाषण के समय प्रधानमंत्री, गृह मंत्री, रक्षामंत्री, संसदीय कार्य मंत्री और कृषि मंत्री तक को खड़े होकर राहुल के वारों से सदन के नेता माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी को बचाना पड़ा।

सदन में वर्षा बाद मानसून का असर दिखाई दिया। सत्ताधारी दल को पल-पल पर छाते लगाना पड़ा लेकिन बच कोई नहीं सका। सबसे बुरी और दयनीय दशा थी लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला जी की।वे कसमसा रहे थे, तिलमिला रहे थे, लेकिन विपक्षी नेता पर हावी नहीं हो पा रहे थे।उनकी हैडमास्टरी काम नहीं आ रही थी। आखिर राहुल लोकसभा अध्यक्ष से प्रधानमंत्री से भी वरिष्ठ सांसद जो थे।

सत्तारूढ़ दल के नेता राहुल के हर आरोप को भ्रामक बता रहे थे, लेकिन लोकसभा अध्यक्ष राहुल की एक भी बात को विलोपित करने की हिम्मत नहीं कर पाए। मामला हिंदुत्व का उठा, नफरत का उठा। हिंदू मुसलमान का उठा , नीट पेपर लीक का उठा। किसान का उठा। मणिपुर का उठा।अग्निवीर का उठा।सबसे ऊपर था देश को भयभीत करने का मुद्दा। राहुल गांधी ने कहा कि माननीय ने देश के हर वर्ग को भयभीत करने की कोशिश की। यहां तक कि अपनी पार्टी के नेताओं तक को भयभीत कर रखा है। और हर मुद्दे पर सरकार या तो बौखलाई या फिर उसे बगलें झांकने पर मजबूर होना पड़ा। कुल मिलाकर सरकार की दशा दयनीय थी।

राज्य सभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे सरकार पर बरस रहे थे। वहां भी पीठाधीश्वर को बचाव की मुद्रा में पूरा देश देख रहा था।सदन में पहले जयश्री राम का नाम गूंजता था लेकिन सोमवार को बम बम भोले की गूंज थी। कोई रामभक्त आखिर शिवद्रोही कैसे बनता? क्योंकि रामजी पहले ही चेतावनी दे चुके हैं कि - शिवद्रोही मम दास कहावा,सो नर मोहे सपनेहु नहिं भावा।

राष्ट्रपति के अभिभाषण पर जब जबाब देने की बारी आएगी तब तय है कि माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी भी विपक्ष के नेता की जमकर धुनाई और छिलाई करेंगे। उन्हें सुनने में भी उतना ही मज़ा आने वाला है जितना कि राहुल गांधी को सुनने में आया है। इसलिए भाइयों और बहनों अपने अपने मोबाइल की बैटरी, टीवी को रीचार्ज करा लीजिए। क्योंकि सबसे मनोरंजक शो आपके सामने आने वाला है। क्रिकेट के टी -20 से भी ज्यादा रोचक, रोमांचक,उत्तेजक।

दस साल में पहली बार संसद में गंज,अनुगूंज सुनाई दे रही है। संसद प्राणवान लग रही है। गुनगुनी लग रही है। कल तक ध्वनि मत से चलने वाली संसद में तर्क - वितर्क हो रहे हैं।संसद उत्तरदाई नजर आ रही है। हमनें ऐसी तमाम संसदें देखी है। लेकिन ये पहली संसद है जिसमें संविधान भी है,शिव भी है और अविनाशी नेता भी। श्रीमती इंदिरा गांधी के युग में भी ऐसी संसद नहीं थी।

आज की संसद में एक ओर मोशा की जोड़ी है तो दूसरी ओर राहुल - अखिलेश की जोड़ी है।एक तरफ रथी है तो दूसरी ओर विरथी। पूरी संसद अधीर है। देश अधीर है।मै भी अधीर हूं। शायद आप भी अधीर हों। अधीरता में ही आध्यात्म है।( लेखक - राकेश अचल / ईएमएस )

## क्या नालंदा महाविहार को बख्तियार खिलजी ने नष्ट किया था?

नालंदा विश्वविद्यालय के नए कैंपस का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 19 जून ( 2024 ) को किया। इस मौके पर म्यांमार, श्रीलंका, वियतनाम, जापान और कोरिया के राजदूतों सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। इन देशों में से अधिकांश में बौद्ध धर्म सम्राट अशोक द्वारा भेजे गए प्रचारकों के ज़रिये फैला था। नालंदा को पुनर्जीवित कर उसे एक वैश्विक विश्वविद्यालय का स्वरुप देने का प्रस्ताव सबसे पहले 2006 में तत्कालीन राष्ट्रपति ए।पी।जे। अब्दुल कलाम ने किया था। बाद में बिहार विधानसभा और यूपीए सरकार ने इसका अनुमोदन किया।

इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में भाषण देते हुए, मोदी ने कहा कि बारहवीं सदी में विदेशी हमलावरों ने इस विश्वविद्यालय को जला कर राख कर दिया था। वे इसी आम धारणा को दुहरा रहे थे कि महमूद गौरी के सिपहसालार बख्तियार खिलजी ने नालंदा विश्वविद्यालय को नष्ट किया था।

यह धारणा उसी सामाजिक सोच का हिस्सा है जो मानती है कि मुस्लिम आक्रांताओं ने हिन्दू मंदिरों को नष्ट किया और तलवार की नोंक पर लोगों को इस्लाम अपनाने पर मजबूर किया। इस सोच की नींव ब्रिटिश काल में पड़ी थी जब अंग्रेजों ने देश के इतिहास का साम्प्रदायिक नजरिए से लेखन किया। अंग्रेजों के बाद उनकी इस विरासत को आगे बढ़ाने का काम हिन्दू और मुस्लिम साम्प्रदायिक ताकतों ने किया। मुस्लिम लीग द्वारा हिन्दुओं के बारे में फैलाए गए मिथकों के कारण पाकिस्तान में हिन्दुओं का जीना मुहाल हो गया वहीं आरएसएस ने भारत में मुसलमानों के खिलाफ नफरत फैलाने का काम बखूबी अंजाम दिया। यहां तक कि सरदार वल्लभ भाई पटेल को आरएसएस के बारे में यह लिखना पड़ा कि ''उनके सभी भाषण साम्प्रदायिकता से भरे हुए थे। हिन्दुओं को उत्साहित करने और उनकी सुरक्षा के लिए उन्हें लामबंद करने के लिए यह जहर फैलाना जरूरी नहीं था। इस जहर का अंतिम नतीजा यह हुआ कि देश को गांधीजी के अनमोल जीवन की बलि भोगनी पड़ी।''

मोदी का यह कहना कि नालंदा को विदेशी हमलावरों ने जलाकर नष्ट किया था झूठी बातों की उसी श्रृंखला का हिस्सा है जो मुसलमानों के खिलाफ नफरत फैलाने के लिए बरसों से इस्तेमाल की जा रही हैं। नालंदा विश्वविद्यालय एक अद्भुत शिक्षण संस्थान था। बिहार के राजगीर में एक बड़े क्षेत्र में फैले इस विश्वविद्यालय का निर्माण गुप्त वंश के सम्राटों ने छठवीं सदी में किया था। इस बौद्ध शैक्षणिक संस्थान में, जहां सभी विद्यार्थी वहीं रहकर अध्ययन करते थे, मुख्यतः बौद्ध दर्शन पढ़ाया जाता था। इसके अतिरिक्त वहां गणित, तर्कशास्त्र, ब्राह्मणवादी हिन्दू धर्म के ग्रंथ एवं स्वास्थ्य विज्ञान भी पढ़ाए जाते थे। यह विश्वविद्यालय अपने खुलेपन, बेलाग संवादों और तार्किकता को बढ़ावा देने के लिए जाना जाता था। इसमें पढ़ने के लिए दूर-दूर से विद्यार्थी आया करते थे। इस विश्वविद्यालय का खर्च मौर्य वंश के राजाओं के खजाने से मिलने वाले धन से चलता था। बाद में पाल और सेन राजवंशों का शासन आने के बाद इस विश्वविद्यालय को मिलने वाली मदद कम हो गई और इसकी जगह अन्य विश्वविद्यालयों जैसे ओदंतपुरी और विक्रमशिला को राजकीय सहायता मिलने लगी। यहीं से नालंदा का पतन शुरू हुआ।

नालंदा विश्वविद्यालय का पुस्तकालय, जिसमें दसियों लाख किताबें, पांडुलिपियां और अन्य दुर्लभ वस्तुएं थीं, को आखिर किसने आग लगाई थी? इसका दोष खिलजी पर मढ़ा जाता रहा है, विशेषकर ब्रिटिश राज के बाद से। मगर ऐसा एक भी तत्कालीन स्त्रोत नहीं है, जो इसके लिए खिलजी को जिम्मेदार ठहराता हो। खिलजी का मुख्य और एकमात्र लक्ष्य था लूटपाट। अयोध्या से बंगाल जाते हुए उसने किला-ए-बिहार पर यह सोचकर हमला किया कि उसमें दौलत छिपी होगी। रास्ते में उसने लूटमार की और लोगों को मारा। नालंदा उसके रास्ते में नहीं था, बल्कि जिस रास्ते से वह गुजरा, नालंदा उससे काफी दूर था। और वैसे भी उसके पास किसी विश्वविद्यालय पर हमला करने का कोई कारण नहीं था। उस समय के किसी स्त्रोत में यह नहीं कहा गया है कि खिलजी नालंदा आया था। मिनहाज-ए-सिराज द्वारा लिखी गई पुस्तक 'तबकात-ए-नासिरी' में इस तरह की कोई बात नहीं कही गई है। उस समय दो तिब्बती अध्येता धर्मस्वामिन और सुंपा नालंदा में भारत और विशेषकर यहां बौद्ध धर्म के इतिहास का अध्ययन कर रहे थे। मगर उन्होंने भी अपनी किताबों में यह नहीं लिखा है कि खिलजी नालंदा आया या उसने नालंदा को आग के हवाले किया। एक अन्य बौद्ध अध्येता तारानाथ, जो तिब्बत से था, भी अपनी पुस्तक में इस तरह की चर्चा नहीं करता।

यह दिलचस्प है कि 'आक्रांताओं' ने अजंता, एलोरा और सांची स्तूप सहित किसी महत्वपूर्ण बौद्ध ढ़ांचे या संस्थान को नुकसान नहीं पहुंचाया। इतिहासविद् यदुनाथ सरकार और आर। सी। मजूमदार भी इससे सहमत नहीं हैं कि नालंदा को खिलजी ने नष्ट किया था। तो फिर यह विश्वविद्यालय किस तरह नष्ट हुआ और क्यों और कैसे अपना महत्व खो बैठा? इस बारे में कई कहानियां प्रचलित हैं जिनमें से एक यह है कि उसे खिलजी ने नष्ट किया था।

प्राचीन भारतीय इतिहास के अप्रतिम अध्येता प्रोफेसर डी। एन। झा अपने लेखों के संकलन ('अगेंस्ट द ग्रेन', मनोहर, 2020 ) में प्रकाशित एक लेख 'रेसपांडिग टू ए कम्युनलिस्ट' में तिब्बती भिक्षु तारानाथ की भारत में बौद्ध धर्म के इतिहास पर लिखी पुस्तक के प्रासंगिक हिस्सों को उद्धत करते हुए लिखते हैं: ''नालेन्द्र ( नालंदा ) में काकुटसिद्ध द्वारा बनाए गए मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दौरान शैतान शमनों ने तीर्थिका भिक्षुकों ( ब्राम्हणों ) पर गंदगी फैंकी। इससे नाराज होकर उनमें से एक आजीविका का इंतजाम करने चला गया और दूसरे ने एक गहरे गड्ढे में बैठकर सूर्य साधना शुरू कर दी।।उसने एक यज्ञ किया और पवित्र राख चारों ओर फैला दी जिससे अचानक आग लग गई।''

डी। आर। पाटिल अपनी पुस्तक 'द एंटीक्वेरियन रेमनेंट्स इन बिहार' में 'हिस्ट्री ऑफ इंडियन लाजिक' को उद्धत करते हुए लिखते हैं कि यह घटना ब्राम्हण और बौद्ध भिक्षुकों के बीच हुए विवाद और संघर्ष की ओर इंगित करती है। ब्राम्हण भिक्षुकों ने सूर्यदेव की उपासना के लिए एक यज्ञ किया और उसके बाद यज्ञ वेदी में से निकालकर जलते हुए अंगारे और गर्म राख बौद्ध मंदिरों में फेंक दी जिसके कारण किताबों के विशाल संग्रह ने आग पकड़ ली।

हमें यह ध्यान में रखना होगा कि भारत में उस समय ब्राम्हणवाद का पुनरूथान हो रहा था और बौद्ध धर्म पर हमले किए जा रहे थे। सम्राट अशोक के शासनकाल में भारत करीब-करीब बौद्ध देश बन गया था। बौद्ध धर्म समानता में आस्था रखता था जिसके कारण आम लोगों में ब्राम्हणवादी कर्मकांडों में रूचि कम हो गई थी। इससे ब्राम्हण बहुत दुःखी और नाराज थे। अशोक के पौत्र और अंतिम मौर्य सम्राट बृहद्रथ की हत्या उसके सेनापति पुष्यमित्र शुंग ने कर दी और उसके बाद उसने बौद्धों का कत्लेआम करवाया।

सभी विश्वसनीय स्त्रोतों से हमें यही पता चलता है कि ब्राम्हणों ने बदला लेने के इरादे से नालंदा विश्वविद्यालय के पुस्तकालय में आग लगाई थी। इसके लिए बख्तियार खिलजी को दोषी ठहराने के पीछे दो उद्देश्य हैं - पहला, मुसलमानों से नफरत करने के कारणों की सूची में एक और कारण जोड़ना और दूसरा, इतिहास के उस दौर में ब्राम्हणों और बौद्धों के बीच संघर्ष और बौद्धों की प्रताड़ना को छिपाना।

केवल बौद्ध काल के विश्वविद्यालय के प्रांगण में कार्यक्रम आयोजित करने से कुछ होने वाला नहीं है। बौद्ध शैक्षणिक संस्थाओं से हम जो सीख सकते हैं वह है अकादमिक स्वतंत्रता और खुलापन। आज भारत के विश्वविद्यालयों में वातावरण घुटनभरा है और आज्ञाकारिता को सबसे बड़ा गुण मान लिया गया है। ऐसे वातावरण में ज्ञान का विस्तार और विकास नहीं हो सकता। भारत में ब्राम्हणवाद और बौद्ध धर्म के बीच संघर्ष का त्रासद इतिहास हमें यही सिखाता है।( अंग्रेजी से रूपांतरण अमरीश हरदेनिया। लेखक आईआईटी मुंबई में पढ़ाते थे और सन 2007 के नेशनल कम्यूनल हार्मोनी एवार्ड से सम्मानित हैं ) ( लेखक-राम पुनियानी/ ईएमएस )

## महान रूसी गणितज्ञ इगोर रोस्टिस्लावोविच शफारेविच

( जन्म दिवस 3 जून पर विशेष )

इगोर शफारेविच का जन्म 3 जून, 1923 को ज़ाइटॉमिर में हुआ था। माध्यमिक विद्यालय की नौवीं कक्षा के बाद उन्हें मॉस्को स्टेट यूनिवर्सिटी के यांत्रिकी और गणित विभाग के अंतिम वर्ष में भर्ती कराया गया, जहाँ से उन्होंने 1940 में स्नातक किया। गणित में उनके पहले सलाहकार बी.एन. डेलोन, आई.एम. गेलफैंड और ए.जी. कुरोश थे। 1942 में उन्हें टोपोलॉजिकल क्षेत्रों में निरपेक्ष मूल्यों पर एक शोध के लिए पीएचडी से सम्मानित किया गया। इसके ठीक बाद, बी. एन. डेलोन से प्रेरित होकर, उन्होंने बीजीय संख्याओं और बीजीय कार्यों के क्षेत्रों के गैलोइस समूहों पर अपना काम शुरू किया। 1946 में उन्हें इन जांचों के लिए डॉक्टर ऑफ साइंसेज की उपाधि से सम्मानित किया गया। विशेष रूप से, उन्होंने पी-एडिक संख्याओं के क्षेत्रों के सभी पी-विस्तार और बीजीय संख्याओं के क्षेत्रों के गैर-शाखायुक्त पी-विस्तार का वर्णन किया। शफारेविच की एक उत्कृष्ट उपलब्धि पी-एडिक संख्याओं के क्षेत्रों में हिल्बर्ट अवशेष प्रतीक के लिए एक स्पष्ट, पूरी तरह से स्थानीय सूत्र था और, एक परिणाम के रूप में, शक्ति अवशेषों पारस्परिकता कानून के लिए सबसे सामान्य स्पष्ट सूत्र था। गैलोइस सिद्धांत में उनकी शोध ने शफारेविच को हल करने योग्य समूहों के लिए व्युत्क्रम गैलोइस समस्या के समाधान की ओर अग्रसर किया। अर्थात्, उन्होंने साबित किया कि बीजीय संख्याओं के प्रत्येक क्षेत्र में अनंत रूप से कई गैलोइस एक्सटेंशन होते हैं, जिनका गैलोइस समूह कोई भी निर्धारित हल करने योग्य समूह होता है। 1959 में, बीजीय संख्या सिद्धांत और गैलोइस सिद्धांत में उनकी शोध के लिए, शैफारेविच को लेनिन पुरस्कार से सम्मानित किया गया। 1958 में उन्हें यूएसएसआर के विज्ञान अकादमी का एक संगत सदस्य चुना गया। 1964 में, शाफारेविच और ई. गोलोड ने परिमित पी-समूहों के लिए जनरेटर और संबंधों की संख्या के लिए असमानता साबित की। इस परिणाम ने बीजीय संख्याओं के क्षेत्रों के एक विस्तृत वर्ग के लिए गैर-शाखा विस्तार की अनंत श्रृंखलाओं के अस्तित्व को निहित किया, साथ ही परिमित रूप से उत्पन्न अनंत पी-समूहों ( जैसे अप्रतिबंधित बर्नसाइड समस्या को नकारात्मक रूप से हल करना ) और अनंत आयामी परिमित रूप से उत्पन्न शून्य-बीजगणित के अस्तित्व को भी निहित किया। शाफारेविच ने 1960 के दशक में बीजीय ज्यामिति की शोध शुरू की, जिसमें बीजीय सतहों की बाइनरी ज्यामिति पर ध्यान केंद्रित किया गया। यह कार्य 1965 में प्रसिद्ध मोनोग्राफ बीजीय सतहों के प्रकाशन में परिणत हुआ, जिसने एस. अराकेलोव, आई. डोलगाचेव, एम. गिज़ाटुलिन, यू. मैनिन, बी. मोइसेज़न, ए. पार्शिन और अन्य द्वारा स्थापित बीजीय ज्यामिति में एक मजबूत स्कूल की नींव रखी। आई. पियाटेट्स्की-शापिरो के साथ मिलकर उन्होंने ख3 सतहों पर महत्वपूर्ण परिणाम प्राप्त किए। बीजीय संख्या क्षेत्रों पर बीजीय वक्रों की संरचना का अध्ययन करते हुए, उन्होंने ( जे. टेट के समानांतर और स्वतंत्र रूप से ) दीर्घवृत्तीय वक्रों से संबंधित सबसे रहस्यमय समूह का आविष्कार किया, जिसे अब टेट-शफारेविच समूह कहा जाता है और सिरिलिक अक्षर ? द्वारा दर्शाया जाता है । ज्यामितीय रूप से कहें तो, टेट-शफारेविच समूह के गैर-तुच्छ तत्वों को ॅ के होमोटोपी स्पेस के रूप में देखा जा सकता है, जिसमें ख के प्रत्येक स्थान न के लिए ख–तर्कसंगत बिंदु होते हैं, लेकिन ख-तर्कसंगत बिंदु नहीं होते हैं। यह समूह को यह निर्धारित करने की अनुमति देता है कि ख क्षेत्र में गुणांक वाले तर्कसंगत समीकरणों के लिए हैस सिद्धांत कितना असफल है। कार्ल-एरिक लिंड ने इस तरह के होमोटोपी स्पेस का एक उदाहरण प्रदर्शित किया, जिसमें दिखाया गया कि जीनस 1 वक्र ×4 - 17 = 2ब2 के वास्तविक संख्याओं और सभी ज-एडिक क्षेत्रों में समाधान हैं, लेकिन इसमें तर्कसंगत बिंदुओं का अभाव है। अॅन्स्ट एस. सेल्मर ने 3×3 + 4ब3 + 5ॅ3 = 0 सहित अतिरिक्त उदाहरण दिए। उन्होंने शफारेविच अनुमान भी तैयार किया, जिसमें निश्चित आयाम और खराब कमी के अभाज्य संख्याओं के निर्धारित सेट वाले संख्या क्षेत्र पर एबेलियन किस्मों के सेट की परिमितता बताई गई थी।

मान लीजिए ए,ॅ के ऊपर जीनस ( गणित ) ु का एक गैर-एकवचन बीजगणितीय वक्र है। तब ए पर परिमेय बिंदुओं का समुच्चय निम्नानुसार निर्धारित किया जा सकता है:

स्थिति ु = 0: कोई अंक नहीं या अपरिमित रूप से अनेक; ए को शंकु खंड के रूप में संभाला जाता है।

स्थिति ु = 1: कोई बिंदु नहीं, या ए एक अण्डाकार वक्र है और इसके तर्कसंगत बिंदु एक सूक्ष्म रूप से उत्पन्न एबेलियन समूह ( मोर्डेल की प्रमेय, बाद में मोर्डेल-वील प्रमेय के लिए सामान्यीकृत ) बनाते हैं। इसके अलावा, मजूर का मरोड़ प्रमेय मरोड़ उपसमूह की संरचना को प्रतिबंधित करता है।

स्थिति ु 1: मोर्डेल अनुमान के अनुसार, अब फाल्टिंग्स प्रमेय, ए में परिमेय बिंदुओं की केवल सीमित संख्या है।

इगोर शैफारेविच ने अनुमान लगाया कि निश्चित आयाम और निश्चित एबेलियन किस्म डिग्री के एबेलियन किस्मों के केवल निश्चित रूप से कई आइसोमोर्फिज़्म वर्ग हैं एक निश्चित संख्या के क्षेत्र में स्थान ( गणित ) के एक निश्चित परिमित सेट के बाहर अच्छी कमी के साथ। अलेक्सी पार्शिन ने दिखाया कि शफारेविच के परिमित अनुमान का अर्थ मोर्डेल अनुमान होगा, जिसे अब पार्शिन की चाल कहा जाता है। गर्ड फाल्टिंग ने नेरोन मॉडल के सिद्धांत सहित बीजगणितीय ज्यामिति के उपकरणों के साथ, टेट अनुमान के एक मामले में ज्ञात कमी का उपयोग करके शफारेविच के परिमितता अनुमान को साबित कर दिया। फाल्टिंग के प्रमाण का मुख्य विचार सीगल मॉडयूलर किस्म के माध्यम से हाइट फंक्शन , फाल्टिंग हाइट और हाइट फंक्शन नैव हाइट की तुलना है। इस अनुमान को जी. फाल्टिंग्स ने मोर्डेल अनुमान के अपने प्रमाण में एक कदम के रूप में साबित किया था। दुनिया भर के गणितज्ञों की पीढ़ियों ने बोरेविच और शफारेविच की अद्भुत पुस्तकों संख्या सिद्धांत ( 1964 में पहला संस्करण ) और शफारेविच की मूलभूत बीजगणितीय ज्यामिति ( 1972 में पहला संस्करण ) द्वारा बीजगणितीय संख्याओं और बीजगणितीय ज्यामिति के सिद्धांत का अध्ययन किया ( और कर रहे हैं )। गणित में आधुनिक समस्याएं। मौलिक दिशाएँ ( अंग्रेजी अनुवाद में गणितीय विज्ञान के विश्वकोश के रूप में जाना जाता है ) श्रृंखला के लिए उन्होंने कई पुस्तकें लिखे: जैसेबीजगणितध, बीजगणित की मूल अवधारणाएँ, बीजगणितीय ज्यामिति, रीमैन सतहें और बीजगणितीय समूह, बीजगणितीय ज्यामिति, बीजगणितीय सतहें ( वी. इस्कोव्कीख के साथ )। वे पूरी पुस्तकें बीजगणित और बीजगणितीय ज्यामिति के संपादक भी थे। आई. शफारेविच ने यूक्रेनी बीजगणितीय विद्यालय के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। विशेष रूप से, उन्होंने कीव और उज़गोरोड में प्रतिनिधित्व सिद्धांत में शोध का अत्यधिक समर्थन किया और उनके विकास पर महत्वपूर्ण रूप से प्रभाव डाला। 1960 के दशक के युवा कीव बीजगणितज्ञों में से एक, यूरी ड्रोज़्ड, शफारेविच के पीएचडी छात्र थे और उन्होंने महान मैत्रे के साथ अपने अध्ययन, संपर्कों और चर्चाओं से बहुत कुछ सीखा, आई. शाफारेविच के छात्र ओलेग वेवेन्डेस्की ने लविव इवान फ्रेंको विश्वविद्यालय में बीजगणितीय ज्यामिति पर अपने काम में दयालुता, समझ, निष्पक्षता और रचनात्मक आलोचना को एक साथ रखा। इगोर शाफारेविच, एक प्रसिद्ध गणितज्ञ, ने बीजगणितीय संख्या सिद्धांत और बीजगणित में महत्वपूर्ण योगदान दिया, साथ ही समाजवाद पर महत्वपूर्ण कार्य भी लिखे और यहूदी-विरोधी होने के आरोपों का सामना किया। उनके शुरुआती काम में गणित के विभिन्न क्षेत्र शामिल थे, जिसमें बीजगणितीय संख्या सिद्धांत और बीजगणितीय ज्यामिति शामिल थे, जिसमें एक उल्लेखनीय उपलब्धि बीजगणितीय संख्या सिद्धांत में शाफारेविच-वेइल प्रमेय थी। महान रूसी गणितज्ञ इगोर रोस्टिस्लावोविच शफारेविच का 19 फरवरी, 2017 को निधन हो गया। इस खबर ने पूरे गणितीय समाज को दुखी कर दिया, क्योंकि उनका नाम आधुनिक गणित, विशेष रूप से संख्या सिद्धांत और बीजगणितीय ज्यामिति की कई उत्कृष्ट उपलब्धियों और विचारों से अविभाज्य रूप से जुड़ा हुआ था। ( लेखक- संजय गोस्वामी/ ईएमएस )

### शब्द पहेली - 8056



**बाएँ से दाएँ**

1.दैत्य,असुर-3
3.रुकावट,बाधा-4
6.सम्मान-2
7.नियंत्रण,घोड़े की रास-3
8.मूल,कंद-2
9.सलाह,मशवरा-2
10.मोटा आटा-2
12.सलाह देने वाला-5
14.जलाना-3
17.माला का मोती-3
19.उग्रवाद,हिंसा वाद-5
22.शराब,मदिरा-2
24.दुख,कष्ट-2
25.चेतना,ध्यान-2
27.सालन,रसा-3
28.घ्राणेंद्रिय,इज्जत-2
29.राजकुमार (उर्दू-4)
30.अस्तित्व,प्राण तत्व-3

**ऊपर से नीचे**

1.खैरात,दक्षिणा-2
2.गोलाकार-5
3.नश्वर,जो कभी न मरे-3
4.प्रतिदिन-2
5.हृदय स्पंदन-4
6.विचार-3
9.मार्ग,रास्ता-2
11.अदालत में प्रस्तुत दावा-2
13.बब्बर शेर (अंग्रेजी-3)
15.सीरा,एक मिष्ठान्न-3
16.पतंग के पेच लड़ाना-5
17.बेसुध,अलमस्त-4
18.कार्य-2
20.जरा,थोड़ा-2
21.दरवाजा खटखटाना-3
23.इन्होंने कृष्ण को पाला था,कृष्ण की दूसरी मां-3
26.उकसावा,बढ़ावा-2
28.मैदे की एक प्रकार की रोटी-2

**शब्द पहेली -8055 का हल**

Jagrutidaur.com, Bangalore

## खेल - समाचार

### शुभमन की कप्तानी में भारतीय टीम जिम्बाब्वे रवाना

पांच मैचों की टी20 सीरीज खेलेगी , लक्ष्मण रहेंगे मुख्य कोच

मुंबई ( ईएमएस )। शुभमन गिल की कप्तानी में भारतीय क्रिकेट टीम जिम्बाब्वे दौरे पर रवाना हो गयी है। भारतीय टीम इस दौरे में पांच मैचों की टी20 सीरीज खेलेगी। इस सीरीज में भारतीय टीम के मुख्य कोच की जिम्मेदारी वीवीएस लक्ष्मण संभालेंगे। पांच मैचों की सीरीज का पहला मैच 6 जुलाई को हरारे स्पोर्ट्स क्लब में खेला जाएगा। आखिरी टी20 मैच 14 जुलाई को इसी मैदान पर होगा। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ( बीसीसीआई ) ने दौरे के लिए रवाना हुए खिलाड़ियों की तस्वीरें सोशल मीडिया में भी साझा कीं हैं। इसमें अभिषेक शर्मा, मुकेश कुमार, रुतुराज गायकवाड़, आवेश खान, रियान पराग आदि शामिल हैं। बीसीसीआई ने ट्वीट किया, जेट सेट जिम्बाब्वे, जिम्बाब्वे बनाम भारत।

इस टीम में टी20 विश्व कप की मुख्य टीम के सिर्फ दो खिलाड़ी यशस्वी जायसवाल और संजू सैमसन को ही शामिल किया गया है। बाकि अनुभवी खिलाड़ियों को आराम दिया गया है। रिंकू सिंह, आवेश खान और खलील अहमद जैसे खिलाड़ी जो टी20 विश्व कप के लिए रिजर्व खिलाड़ियों की सूची में शामिल थे। उन्हें भी टीम में शामिल किया गया है। वहीं जिम्बाब्वे क्रिकेट ने भी इस सीरीज के लिए अपनी टीम की घोषणा कर दी है।

जिम्बाब्वे की कप्तानी सिकंदर रजा करेंगे।

# भारतीय क्रिकेट टीम के बुधवार शाम तक स्वदेश पहुंचने की संभावना

मुम्बई (ईएमएस)। खराब मौसम और तूफान के कारण बारबाडोस में फंसी भारतीय क्रिकेट टीम के बुधवार तक भारत पहुंचने की उम्मीदें हैं। शनिवार को हुए टी20 विश्वकप फाइनल में जीत के बाद सभी प्रशंसक भारतीय टीम का इंतजार कर रहे थे पर खराब मौसम और उड़ाने बंद होने से टीम अब तक वहीं हैं। भारत और साउथ अफ्रीका के बीच शनिवार को फाइनल खेला गया था जिसमें भारतीय टीम ने 7 रनों से जीत दर्ज कर एक दशक के बाद आईसीसी ट्रॉफी जीती थी। अब बारबाडोस में हालात सुधर रहे हैं जिससे उड़ाने शुरु होने की संभावना है। ऐसे में भारतीय टीम के बुधवार शाम तक नई दिल्ली पहुंचने की उम्मीदें हैं।

रविवार शाम से ही बारबाडोस पूरी तरह से बंद है। मौसम की खराबी की वजह से मुख्य अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा अगली सूचना तक बंद कर दिया गया था। बारबाडोस की प्रधानमंत्री मिया अमोर मोटली ने बताया था कि एयरपोर्ट को अगले 12 घंटे में खोल जाने के प्रयास जारी हैं। पिछले तीन दिन में चक्रवात तूफान की वजह से पूरे शहर में हाई अलर्ट घोषित कर दिया गया था। वहीं भारतीय टीम के सदस्य भी होटल में ही रह रहे थे। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने खिलाड़ियों के लिए चाटर्ड प्लेन का इंतजाम किया जिससे खिलाड़ी वापसी करेंगे। खिलाड़ियों के साथ बीसीसीआई सचिव जय शाह भी आ रहे हैं।

# विंबलडन के दूसरे दौर में पहुंचे अलकराज , मेदवेदेव

लंदन (ईएमएस)। स्पेन के कार्लोस अलकराज विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के दूसरे दौर में पहुंच गये हैं। अलकराज ने पहले दौर में एस्टोनिया के क्वालीफायर मार्क लाजल को सीधे सेटों में 7-6 (3), 7-5, 6-2 से हराया। लाजल ने शुरुआती दो सेट में अच्छा मुकाबला किया। अल्काराज ने भी इसके लिए लाजल की प्रशंसा की है।

वहीं पुरुष एकल के अन्य मैचों में पांचवीं वरीयता प्राप्त रुस के डेनियल मेदवेदेव ने अलेक्जेंडर कोवासिक को 6-3, 6-4, 6-2 से जबकि आठवीं वरीयता प्राप्त कैस्पर रुड ने एलेक्स बोल्ट को 7-6 (2), 6-4, 6-4 से पराजित किया। इसके अलावा कनाडा के डेनिस शापोवालोव ने 19वें नंबर के खिलाड़ी निकोलस जैरी को 6-1, 7-5, 6-4 से हराकर सबको हैरान कर दिया। वहीं महिला वर्ग में मारिया सक्कारी ने शुरुआती एकल मुकाबले में मेकार्टनी केसलर को 6-3, 6-1 से आसानी से हराया। एक अन्य मुकाबले में सातवीं वरीयता प्राप्त जैस्मिन पाओलिनी सोरिब्स टोर्मो को 7-5, 6-3 से हराकर पहली बार विंबलडन के दूसरे दौर में पहुंची हैं।

# टी20 विश्वकप की तैयारी के लिए ऑस्ट्रेलिया दौरे पर जाएगी भारतीय महिला क्रिकेट टीम

सिडनी (ईएमएस)। भारतीय महिला क्रिकेट टीम टी20 विश्वकप की तैयारी के लिए अगले माह अगस्त में ऑस्ट्रेलिया दौरे पर जाएगी। इस दौरे में भारतीय टीम को ऑस्ट्रेलियाई महिला क्रिकेट टीम के साथ तीन मैचों की टी20 सीरीज के साथ ही तीन एकदिवसीय के अलावा एक चार दिवसीय मैच भी खेलना है। इससे बांग्लादेश में साल के आखिर में होने वाले टी20 विश्वकप के लिए टीम को अभ्यास का अच्छा अवसर मिलेगा। इसके अलावा उसे अपनी कमियों का भी पता चलेगा।

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने इस दौरे का कार्यक्रम घोषित कर दिया है। इसमें ताहलिया मैकग्रा ऑस्ट्रेलियाई 20 और 50 ओवरों की टीम की कप्तानी करेंगी। वहीं चार्ली नॉट को चार दिवसीय मैच के लिए कप्तान बनाया गया है। इस दौर में सभी तीन टी20 मैच ब्रिसबेन में जबकि एकदिवसीय मैच मैके में खेले जाएंगे। एकमात्र चार दिवसीय मैच गोल्ड कोस्ट में खेला जाएगा। पहला टी20 मैच 07 अगस्त , दूसरा टी20 09 अगस्त जबकि तीसरा तीसरा टी20 11 अगस्त को खेला जाएगा।

वहीं पहला एकदिवसीय 14 अगस्त, दूसरा 16 अगस्त को व तीसरा एकदिवसीय 18 अगस्त को खेला जाएगा। एकमात्र चार दिवसीय मैच 22 से 25 अगस्त तक होगा।

टी20 टीम : ताहलिया मैकग्रा (कप्तान), मैडी डार्के, सोफी डे, निकोल फाल्टम, टेस फ्लिंटॉफ, किम गार्थ, चार्ली नॉट, कैटी मैक, ग्रेस पार्सोंस, मेगान शट, कर्टनी सिप्पेल, टायला वी, ताहलिया विल्सन।

एकदिवसीय टीम : ताहलिया मैकग्रा (कप्तान), मेटलान ब्राउन, मैडी डार्के ,सोफी डे, निकोल फाल्टम, टेस फ्लिंटॉफ, किम गार्थ, चार्ली नॉट, कैटी मैक, ग्रेस पार्सोंस, मेगान शट, कर्टनी सिप्पेल, टायला वी, ताहलिया विल्सन।

चार दिवसीय टीम : चार्ली नॉट (कप्तान), मेटलान ब्राउन, मैडी डार्के, सोफी डे, एम्मा डे ब्रूग, निकोल फाल्टम, टेस फ्लिंटॉफ, कैटी मैक, लिली मिल्स, ग्रेस पार्सोंस, बेट पीटरसन, कर्टनी सिप्पेल, जॉर्जिया वोल।

# शेयर बाजार हल्की गिरावट के साथ बंद

सेंसेक्स 34.74 अंक , निफ्टी भी 18.10 अंक नीचे आया

मुम्बई (ईएमएस)। घरेलू शेयर बाजार मंगलवार को गिरावट पर बंद हुआ। सप्ताह के दूसरे ही कारोबारी दिन बाजार में ये गिरावट दुनिया भर से मिले अच्छे संकेतों के बाद भी बैंकिंग और टेलीकॉम शेयरों में मुनाफावसूली हावी होने से आई है। , आज सुबह बाजार तेजी के साथ खुला और सेंसेक्स ऑलटाइम हाई पर पहुंचा पर इसके कुछ समय बाद ही मुनाफावसूली बढ़ने से बाजार नीचे आने लगा। दिन भर के कारोबार के बाद तीस शेयरों वाला बीएसई का मानक सूचकांक सेंसेक्स 34.74 अंक करीब 0.04 फीसदी नीचे आकर 79,441.45 पर बंद हुआ। वहीं दूसरी ओर पचास शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 18.10 अंक तकरीबन0.07 फीसदी टूटकर 24, 123.85 पर पहुंच गया। इंट्रा-डे (एक ही दिन में शेयर खरीदने के मामले) में यह 94.4 अंक तकरीबन 0.39 फीसदी ऊपर आकर 24,236.35 के शीर्ष स्तर पर पहुंच गया।

आज कारोबार के दौरान कोटक महिंद्रा बैंक, भारती एयरटेल, इंडसइंड बैंक, टाटा मोटर्स, आईसीआईसीआई बैंक, बजाज फाइनेंस, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया और टाइटन के शेयर गिरे जबकि लार्सन एंड टुब्रो, इंफोसिस, एचडीएफसी बैंक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, एचसीएल टेक्नोलॉजीज और टाटा स्टील के शेयर ऊपर आये।

वहीं दूनिया भर के बाजारों की बात करें तो एशियाई बाजारों में टोक्यो, शंघाई और हांगकांग बढ़कर बंद हुए, जबकि सियोल निचले स्तर पर आया। यूरोपीय बाजार गिरावट के साथ कारोबार कर रहे थे। गत दिवस अमेरिकी बाजार बढ़त पर बंद हुए थे। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने गत दिवस 426.03 करोड़ रुपये की इक्विटी बेची।

वहीं गत कारोबारी सत्र में बाजार तेजी के साथ बंद हुआ था।

सेंसेक्स 443.46 अंक यानी 0.56 फीसदी की बढ़त के साथ 79,476.19 अंक पर बंद हुआ था। वहीं निफ्टी भी 131.35 अंक तकरीबन 0.55 फीसदी की हल्की बढ़त के साथ ही 24,141.95 अंक पर बंद हुआ था।

इससे पहले आज सुबह शुरुआती कारोबार में भारतीय बेंचमार्क इंडेक्स रिकॉर्ड ऊंचाई पर खुले। आज सुबह बाजार तेजी के साथ खुला और सेंसेक्स ऑलटाइम हाई पर पहुंचा पर इसके कुछ समय बाद ही मुनाफावसूली बढ़ने से बाजार नीचे आने लगा।निफ्टी50 इंडेक्स 95 अंक बढ़कर 24,236 पर और बीएसई सेंसेक्स 364 अंक चढ़कर 79,840 के स्तर पर पहुंच गया। व्यापक सूचकांकों में मिडकैप इंडेक्स 0.26 प्रतिशत और स्मॉलकैप इंडेक्स 0.58 प्रतिशत बढ़े, जिससे बाजार को सकारात्मक संकेत मिला।

# आरबीआई में अर्नब चौधरी और चारुलता बने नए कार्यकारी निदेशक

नई दिल्ली (ईएमएस)। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने अर्नब कुमार चौधरी और चारुलता एस कार को कार्यकारी निदेशक नियुक्त करने की घोषणा की है। चौधरी और एस कार 3-3 विभागों की जिम्मेदारी संभालेंगे। रिजर्व बैंक के अनुसार, कार को 1 जुलाई से कार्यकारी निदेशक (ईडी) नियुक्त किया गया है, जबकि चौधरी को तीन जून, 2024 से ईडी नियुक्त किया है। कार्यकारी निदेशक के रूप में पदोन्नत होने से पहले, चौधरी पर्यवेक्षण विभाग में मुख्य महाप्रबंधक-प्रभारी के रूप में कार्यरत थे। रिजर्व बैंक ने एक बयान में कहा कि कार्यकारी निदेशक के रूप में, वह जमा बीमा और ऋण गारंटी निगम (डीआईसीजीसी), विदेशी मुद्रा विभाग और अंतर्राष्ट्रीय विभाग की जिम्मेदारी संभालेंगे।

रिजर्व बैंक ने कहा कि कार्यकारी निदेशक के रूप में पदोन्नत होने से पहले, कार, मानव संसाधन प्रबंधन विभाग में मुख्य महाप्रबंधक-प्रभारी के रूप में कार्यरत थीं। वह संचार विभाग, मानव संसाधन प्रबंधन विभाग और सूचना का अधिकार (प्रथम अपीलीय प्राधिकारी) का कार्यभार संभालेंगी। कार, मुंबई विश्वविद्यालय से वाणिज्य में स्नातकोत्तर हैं और ट्रेजरी और विदेशी मुद्रा प्रबंधन में डिप्लोमा हैं। वह आईआईबीएफ की प्रमाणित एसोसिएट भी हैं। चौधरी चार्टर्ड अकाउंटेंट हैं और उनके पास अर्थशास्त्र में मास्टर डिग्री है। वह आईआईबीएफ (इंडियन इंस्टीटयूट ऑफ बैंकिंग एंड फाइनेंस) के प्रमाणित एसोसिएट भी हैं। उन्हें भारतीय रिजर्व बैंक में 3 दशकों से अधिक का अनुभव है। उन्होंने वित्तीय संस्थाओं के पर्यवेक्षण के क्षेत्र में बड़े पैमाने पर काम किया है। चौधरी ने कॉरपोरेट रणनीति, बजट, लेखा और निर्गम विभाग के क्षेत्र में काम किया है। उन्होंने कई समितियों और कार्य समूहों के सदस्य के रूप में भी काम किया है और नीति निर्माण में योगदान दिया है। कार को रिजर्व बैंक में भुगतान और निपटान प्रणाली, सूचना प्रौद्योगिकी, सरकारी बैंकिंग, आंतरिक खातों और मानव संसाधन प्रबंधन के क्षेत्रों में काम करने का तीन दशकों से अधिक का अनुभव है। उन्होंने बीआईएस के कई कार्य समूहों में रिजर्व बैंक का प्रतिनिधित्व किया है और अन्य आंतरिक और बाहरी समितियों के सदस्य के रूप में काम किया है।

# बैडमिंटन खेलते समय हार्ट अटैक से 17 साल के चीनी बैडमिंटन खिलाड़ी की मौत

जकार्ता (ईएमएस)। इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता में हो रहे एक टूर्नामेंट में 17 साल के एक चीनी बैडमिंटन खिलाड़ी झांग झिजी की मौत से सभी हैरान हैं। झांग झिजी की बैडमिंटन कोर्ट में दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई। इसका एक वीडियो भी सामने आया है। इस घटना पर भारतीय महिला बैडमिंटन स्टार पीवी सिंधु भी स्तब्ध हैं।

यह घटना रविवार देर रात की है। झांग को यहां एक टूर्नामेंट के दौरान कोर्ट पर ही दिल का दौरा पड़ गया जिससे वह बेहोश होकर गिर गया।

इस युवा खिलाड़ी को मैच स्थल पर ही इलाज दिया गया पर कोई हलचल न होने पर उसे एम्बुलेंस से अस्पताल ले जाया गया पर लेकिन रात में उनकी मौत हो गई। इस खिलाड़ी की मौत पर सिंधु ने एक पोस्ट लिखकर दुख जताया है। सिंधु ने लिखा, जूनियर एशियाई बैडमिंटन चैंपियनशिप से युवा बैडमिंटन खिलाड़ी झांग झिजी के निधन की खबर बेहद दुखद है, मैं इस कठिन समय में झांग के परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करती हूं।

# भारतीय मूल के अरबपति को सात साल की सजा

नई दिल्ली (ईएमएस)। अमेरिका की एक अदालत ने आउटकम हेल्थ के पूर्व अरबपति को-फाउंडर और भारतीय मूल के अमेरिकी कारोबारी ऋषि शाह को साढ़े सात साल जेल की सजा सुनाई है। शाह और उनके करीबियों पर 8,300 करोड़ यानी करीब एक अरब डॉलर की धोखाधड़ी का आरोप है। उनकी इस धोखाधड़ी ने गोल्डमैन सैक्स ग्रुप, गूगल की पैरेंट कंपनी अल्फाबेट और इलिनोइस के गवर्नर जेबी प्रित्जकर की उद्यम पूंजी फर्म जैसे हाई-प्रोफाइल निवेशकों को हिलाकर रख दिया। अमेरिकी जिला न्यायाधीश थॉमस डर्किन ने अपने फैसले में इसे इतिहास के सबसे बड़े कॉर्पोरेट धोखाधड़ी मामलों में से एक बताया।

# भारत, ताइवान के बाद इस देश के खिलाफ चीन ने खोला मोर्चा

बीजिंग (ईएमएस)। फिलीपींस, ब्रूनेई, मलेशिया, ताइवान और वियतनाम ने दशकों से पूरे साउथ चाइना सी पर चीन के दावों पर सवाल उठाते रहे हैं। लेकिन हाल के वर्षों में तनाव काफी बढ़ा है। चीन बार-बार 9 डैश लाइन पर दावा करता है। अपनी ताकत के मद में चूर होकर चीन अब युद्ध के थर्ड फ्रंट को खोलने पर आमदा दिख रहा है। चीन की ओर से फिलीपींस को सबक सिखाने के इरादे से अपने दूसरे विमान वाहक पोत शेनडोंग को फिलीपींस की तट के नजदीक तैनात कर दिया है।

ऐसा माना जा रहा है कि चीन अपने कदम से ताइवान और फिलीपींस को टारगेट कर रहा है। वहीं चीनी विशेषज्ञों ने कहा कि वाहक की तैनाती एक निर्धारित अभ्यास का हिस्सा है। शेडोंग की तैनाती दक्षिण चीन सागर में पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) द्वारा प्रमुख सतह लड़ाकू जहाजों की तैनाती के बाद की गई है। मनीला के साथ बढ़ते समुद्री क्षेत्रीय संघर्ष के बीच, इसमें बड़े और मध्यम विध्वंसक और एक मुख्य उभयचर लैंडिंग जहाज शामिल हैं।

मामले से जुड़े एक जानकार ने कहा कि एक बार जब हम बड़े पैमाने पर सैन्य बल देखते हैं, तब लगाता है बीजिंग युद्ध की तैयारी कर रहा है। दरअसल पिछले महीने, दोनों देशों के नौसैनिक जहाज आपस में टकरा गए थे, जो विदेशी जहाजों के खिलाफ चीन के नए नियमों के बाद पहली घटना थी। हाल के महीनों में दोनों देशों की नौसेनाओं और तट रक्षकों का कई बार आमना-सामना हुआ है। फिलीपींस, अमेरिका के समर्थन से विवादित क्षेत्र पर अपना दावा जताने का प्रयास कर रहा है।

# डोनाल्ड ट्रंप को मिली 'सुप्रीम' राहत

नई दिल्ली (ईएमएस)। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। सुप्रीम कोर्ट ने नवंबर में होने वाले अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव से पहले ट्रंप पर केस चलाए जाने की संभावना को रद्द कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला ट्रंप के लिए एक बड़ी जीत माना जा रहा है। सुप्रीम कोर्ट के जजों की बेंच ने 6-3 के बहुमत से फैसला सुनाया कि पूर्व राष्ट्रपति पद पर रहते हुए किए गए आधिकारिक कार्यों के लिए मुकदमे से पूरी तरह से छूट के हकदार होते हैं, लेकिन अनौपचारिक कार्यों के लिए कोई छूट नहीं है।

# सोना 71,700 और चांदी 87,850 रुपए

नई दिल्ली (ईएमएस)। सोने और चांदी के वायदा कारोबार की शुरुआत मंगलवार को तेज रही। दोनों के वायदा भाव तेजी के साथ खुले। सोने के वायदा भाव 71,700 रुपये के करीब, जबकि चांदी के वायदा भाव 87,850 रुपये के करीब कारोबार कर रहे थे। वै?श्विक बाजार में सोने व चांदी के वायदा भाव की शुरुआत तेजी के साथ हुई। सोने के वायदा भाव की शुरुआत तेजी के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क अगस्त कॉन्ट्रेक्ट 30 रुपये की तेजी के साथ 71,684 रुपये के भाव पर खुला।

इस समय यह 17 रुपये की तेजी के साथ 71,671 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। चांदी के वायदा भाव की शुरुआत तेज रही। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क जुलाई कॉन्ट्रेक्ट 299 रुपये की तेजी के साथ 87,821 रुपये पर खुला।

इस समय यह 327 रुपये की तेजी के साथ 87,849 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। वै?श्विक बाजार में सोने-चांदी के वायदा भाव की शुरुआत तेज रही। कॉमेक्स पर सोना 2,341.60 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 2,338.90 डॉलर प्रति औंस था। हालांकि खबर लिखे जाने के समय यह 1.10 डॉलर की गिरावट के साथ 2,337.80 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था। कॉमेक्स पर चांदी के वायदा भाव 29.76 डॉलर के भाव पर खुले, पिछला बंद भाव 29.61 डॉलर था। खबर लिखे जाने के समय यह 0.04 डॉलर की तेजी के साथ 29.65 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था।

# जून में देश में ईवी वाहनों की बिक्री 14 फीसदी घटी

नई दिल्ली (ईएमएस)। देश में इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) की बिक्री में मई के मुकाबले जून के महीने में 14 प्रतिशत की तीव्र गिरावट देखी गई। विशेषज्ञों का कहना है कि सरकारी नीतियों में बदलाव और हाइब्रिड वाहनों के प्रति लोगों की बढ़ती रुचि जैसे कारकों की वजह से ऐसा हो सकता है। अलबत्ता जून 2024 की यह बिक्री पिछले साल के इसी महीने की तुलना में 20 प्रतिशत से अधिक रही। तब सब्सिडी में सरकारी बदलावों के कारण बिक्री में गिरावट आई थी। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के वाहन के आंकड़ों के अनुसार जून 2024 में ईवी की बिक्री मई में की गई 1,23,704 ईवी बिक्री की तुलना में 14 प्रतिशत से भी ज्यादा घटकर 1,06,081 रह गई। यह इस कैलेंडर वर्ष में बिक्री की सबसे कम संख्या है। इस साल अब तक करीब 8,39,545 इलेक्ट्रिक वाहन बेचे गए हैं जो कुल बिके 1,25,41,684 वाहनों का करीब 6.69 प्रतिशत है। ईवी के मामले में इस साल और पिछले साल जून सबसे खराब प्रदर्शन करने वाला महीना रहा है। हालांकि जून 2024 में बड़ा सुधार नजर आया जिसमें 1,23,704 वाहनों का पंजीकरण किया गया जो जून 2023 में पंजीकृत 1,02,645 वाहनों की तुलना में 20.52 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। पिछले साल इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों के लिए अधिकतम सब्सिडी को लगभग 60,000 रुपए से घटाकर लगभग 22,500 रुपए करने के केंद्र सरकार के फैसले की वजह से ईवी की बिक्री में गिरावट आई थी। इस कदम से ई-दोपहिया वाहनों की औसत कीमत में 20 प्रतिशत से ज्यादा का इजाफा हो गया जो आम तौर पर 80,000 से 1,50,000 रुपए के बीच होती है।

# सियोल में भीड़ में घुसी कार से 9 लोगों की मौत, 4 घायल

सियोल (ईएमएस)। दक्षिण कोरिया की राजधानी सियोल में एक तेज रफ्तार कार सड़क पार करने खड़े लोगों की भीड़ में घुस गई जिसमें कम से कम 9 लोगों की मौत हो गई और 4 घायल हो गए।

यह दुर्घटना स्थानीय समय के अनुसार सोमवार रात हुई है। एक रिपोर्ट के अनुसार 60 वर्षीय एक व्यक्ति ने ट्रैफिक स्टॉप पर इंतजार कर रहे पैदल यात्रियों पर कार चढ़ा दी जिससे 9 लोगों की मौत हो गई।

वहीं पुलिस का कहना है कि वे इस घटना की जांच कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हताहतों की संख्या बढ़ सकती है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया गया है। आपातकालीन अधिकारी किम चुन-सू ने एक ब्रीफिंग में बताया कि 4 घायलों में से एक की हालत गंभीर है।

# फ्रांस के संसदीय चुनाव में 28 साल के युवक ने दिग्गज नेताओं को दी शिकस्त

- युवक ने न्यू पॉपुलर फ्रंट अलायंस को भी बाहर का रास्ता दिखा दिया

पे?रिस (ईएमएस)। फ्रांस में हुए संसदीय चुनावों में पहले तो रिकॉर्ड मतदान हुआ और अब 28 साल का एक युवक प्रधानमंत्री बनने की दहलीज खड़ा है। वह लड़का जिसने राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों की पार्टी को धूल चटा दी है। इतना ही नहीं सबसे ताकतवर रही न्यू पॉपुलर फ्रंट अलायंस को भी बाहर का रास्ता दिखा दिया है। दिग्गज नेताओं करारी शिकस्त दे दी है। फ्रांस के संसदीय चुनावों में पहली बार धुर दक्षिणपंथी पार्टी नेशनल रैली की सरकार बनने का रास्ता साफ हो गया है। नेशनल रैली को 33.1 फीसदी वोट मिले हैं और वामपंथी गठबंधन को 28 फीसदी जबकि राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों की पार्टी को महज 20.7 फीसदी वोटों से संतोष करना पड़ा है। देश के इतिहास में ऐसा पहली बार है, जब नेशनल रैली को इतनी भारी सफलता मिलने जा रही है। नेता जॉर्दन बरदेला की उम्र सिर्फ 28 साल है। उन्होंने अपने दम पर मजबूत मैक्रों की पार्टी को न सिर्फ हिलाकर रख दिया, बल्कि प्रधानमंत्री बनाने के उनके सपने को भी चूर-चूर कर दिया। फ्रांस की संसद में पूर्ण बहुमत के लिए 289 सीटें चाहिए होती हैं। वोटिंग दो दौर की होती है। पहले दौर में वो सभी उम्मीदवार चुनाव की दौड़ से बाहर कर दिए जाएंगे जो 12.5 फीसदी वोट नहीं पाएंगे। जो भी प्रत्याशी 50 फीसदी वोट हासिल करेगा, उसे जीता हुआ माना जाएगा। आमतौर पर ऐसा होता नहीं है और दूसरे चरण का इंतजार करना होता है लेकिन इस बार जॉर्दन बरदेला की पार्टी बहुमत से आगे निकलती दिख रही है। एक रिपोर्ट के मुताबिक जॉर्दन बरदेला ने कहा ?कि अगर फ्रांसीसी लोगों ने मुझे वोट दिया तो मैं उनका प्रधानमंत्री बनना चाहूंगा। इससे पहले कभी धुर दक्षिण पार्टियों ने फ्रांस के संसदीय चुनावों का पहला दौर नहीं जीता था लेकिन नतीजे ऐतिहासिक हैं। पहले उनकी पार्टी को यहूदी विरोधी और विद्रोहियों की समर्थक मानी जाती थी लेकिन अब कहा जा रहा है कि जॉर्दन बरदेला ने पार्टी को पूरी तरह बदल दिया। यही वजह है कि लोग इस पार्टी को दिल खोलकर समर्थन दे रहे हैं।

# संकट में सुनीता विलियम्स की वापसी....?

## नासा के स्टारलाइनर' स्पेसक्राफ्ट में आग की संभावना

वाशिंगटन (ईएमएस)। भारतीय मूल की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स 5 जून को 'स्टारलाइनर' स्पेसक्राफ्ट के द्वारा स्पेस मिशन के लिए रवाना हुई थीं। उनके साथ एक और अंतरिक्ष यात्री बुश विलमोर भी थे, जो मिशन कमांडर हैं। दोनों को इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन (आईसीसी) पर करीब 8 दिन का वक्त बिताकर वापस लौटना था लेकिन दुखद यह हैं कि अब तक दोनों की वापसी नहीं हो सकी है।

इसका एक मात्र कारण हैं बोइंग स्पेसक्राफ्ट का धोखा देना है। इस कारण सुनीता की सुरक्षित वापसी को लेकर दुआएं मांगी जा रही हैं। सुनीता जिस स्पेसक्राफ्ट के द्वारा इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन (आईएसएस) तक पहुंचीं, उस अमेरिकी एयरक्राफ्ट कंपनी बोइंग ने डेवलप किया है।

कंपनी इस स्पेस कैप्सूल' भी कहती है। बोइंग ने अमेरिकी स्पेस एजेंसी नासा (नासा) के कॉमर्शियल स्पेस प्रोग्राम के लिए स्पेसक्राफ्ट को डेवलप किया। हालांकि जब स्टारलाइनर को लांच किया जा रहा था, तभी इसमें से हिलियम गैस लीक हो रही थी। एक रिपोर्ट के मुताबिक बोइंग के इंजीनियर्स को लॉन्चिंग के दौरान गैस लीक के बारे में पता था, पर तब उन्हें नहीं लगा कि यह कोई बड़ी समस्या है पर यात्रा के दौरान स्पेसक्राफ्ट में 4 और जगह से हिलियम गैस का रिसाव होने लगा।

वहीं नासा के मुताबिक ऐसा बिलकुल नहीं है कि 'स्टारलाइनर' का इस्तेमाल नहीं किया जा सकता। इमरजेंसी में विलियम्स और उनके साथी एस्ट्रोनॉट स्पेसक्राफ्ट से धरती तक लौट सकते हैं। पर फिलहाल एजेंसी पूरी समस्या की तह तक पता लगा रही है कि आखिर इन फ्लाइट में गैस क्यों और कैसे लीक हुई और थ्रस्टर क्यों फेल हुए। इसकारण एस्ट्रोनॉट्स की वापसी टाल दी गई है।

हालांकि जानकारों की राय नासा के बिल्कुल विपरीत है। उनके मुताबिक स्टारलाइनर में हिलियम गैस का रिसाव गंभीर समस्या की तरफ इशारा करता है। अगर गैस रिसाव का पता नहीं लगाया गया और इस ठीक नहीं किया गया तब रिटर्न फ्लाइट में आग लगने की संभावना है। इस केस में सुनीता विलियम्स और विल्मोर की जान भी जा सकती है।

# सूडान में हुए हवाई हमले में 9 बच्चों की मौत, 11 घायल

खार्तूम (ईएमएस)। सूडान में अर्ध सैनिक बलों और सेना के बीच लड़ाई और तेज हो गई है। पश्चिमी सूडान के उत्तरी दारफुर राज्य की राजधानी एल फशर में अर्धसैनिक रैपिड सपोर्ट फोर्स (आरएसएफ) के हवाई हमले में कम से कम नौ बच्चे मारे गए और 11 अन्य घायल हो गए। एल फशर में एक गैर-सरकारी समूह, प्रतिरोध समिति ने एक बयान में कहा ?कि आरएसएफ के एक ड्रोन ने अल-फशर के अल-तिजानिया में अल-हिजरा मस्जिद पर प्रोजेक्टाइल से हमला किया, जिसमें नौ बच्चों की मौत हो गई और 11 अन्य घायल हो गए।

एक न्यूज़ एजेंसी के मुताबिक जिस जगह को टारगेट किया गया था वो विस्थापितों को भोजन उपलब्ध कराने वाली एक रसोई थी। आरएसएफ ने अभी तक इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। 15 अप्रैल, 2023 से पूरे सूडान में आरएसएफ और सूडानी सशस्त्र बलों के बीच भीषण संघर्ष चल रहा है। इधर 10 मई से एल फशर में भीषण झड़पें हो रही हैं। मानवीय मामलों के समन्वय के लिए संयुक्त राष्ट्र कार्यालय (ओसीएचए) ने पिछले महीने एक अपडेट में कहा कि घातक झड़पों में अब तक 16,650 लोगों की मौत हो चुकी है। संयुक्त राष्ट्र के अंतरराष्ट्रीय प्रवासन संगठन ने जून की शुरुआत में अनुमान लगाया था कि मौजूदा संघर्ष में सूडान में कम से कम 7.3 मिलियन लोग आंतरिक रूप से विस्थापित हैं।

# हिंडनबर्ग को अडाणी ग्रुप पर लगाए गए आरोपों को लेकर नोटिस मिला

नई दिल्ली (ईएमएस)। अमेरिकी शॉर्ट सेलिंग फर्म हिंडनबर्ग रिसर्च को अडाणी ग्रुप पर लगाए गए आरोपों को लेकर शेयर बाजार नियामक सेबी ने 46 पेज का कारण बताओ नोटिस थमाया है। दरअसल जनवरी 2023 में हिंडनबर्ग रिसर्च ने अडाणी ग्रुप पर स्टॉक मैनिपुलेशन से लेकर मनी लॉन्ड्रिंग जैसे आरोप लगाए थे। हिंडनबर्ग रिसर्च ने कहा कि उसे सिक्योरिटी एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया से कारण बताओ नोटिस मिला है, जिसमें अडानी समूह के खिलाफ लगाए गए आरोपों पर जवाब मांगा गया है। पिछले साल जनवरी 2023 में हिंडनबर्ग ने एक रिपोर्ट पब्लिश की थी जिसमें आरोप लगाया गया था कि अडाणी समूह ने अपने शेयरों में हेरफेर और धोखाधड़ी की।

इन आरोपों के बाद अडाणी ग्रुप के शेयरों में 150 बिलियन की गिरावट आई थी। बाजार नियामक सेबी से मिले कारण बताओ नोटिस को लेकर हिंडनबर्ग ने अपनी नाराजगी जाहिर की। अमेरिकी फर्म ने सेबी के इस नोटिस को डराने-धमकाने का प्रयास बताया। हिंडनबर्ग ने एक ब्लॉग पोस्ट में लिखा कि नियामक ने अस्पष्ट आरोप लगाया था कि हिंडनबर्ग की रिपोर्ट में रीडर्स को गुमराह करने वाले गलत बयान शामिल थे।

हिंडनबर्ग ने कहा ?कि हमें लगता है कि सेबी ने अपनी जिम्मेदारी को नहीं निभाया है, ऐसा लग रहा है कि वह धोखाधड़ी करने वालो से निवेशकों की रक्षा करने के बजाय धोखाधड़ी करने वालों का बचाव करने की कोशिश कर रही है। वहीं सेबी का कहना है कि हिंडनबर्ग रिपोर्ट ने स्कैंडल जैसे आरोपों का उपयोग कर जानबूझकर कुछ तथ्यों को सनसनीखेज बनाया। सेबी ने नोटिस में कहा कि हिंडनबर्ग रिसर्च ने बिना किसी साक्ष्य के अपनी रिपोर्ट में गलत बयानबाजी की।

# टैटू बनवाना हेल्थ के लिए काफी खतर

## नाक-बढ़ सकता है ब्लड कैंसर का खतरा

लंदन (ईएमएस)। ताजा अध्ययन में खुलासा हुआ है कि टैटू बनवाना हेल्थ के लिए काफी खतरनाक है। स्वीडन में किए गए एक स्टडी में पाया गया कि टैटू से ब्लड कैंसर का खतरा बढ़ सकता है। इससे लिंफोमा बढ़ने का 21 प्रतिशत रिस्क हो सकता है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, स्वीडन में लिंड यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं ने पाया कि टैटू से भी कैंसर का रिस्क हो सकता है। शोधकर्ताओं ने 10 साल यानी 2007 से 2017 तक स्वीडिश नेशनल कैंसर रजिस्टर का विश्लेषण किया।

इसमें 20 से 60 वर्ष के लोग शामिल थे। स्टडी में मिला कि टैटू बनवाने वाले लोगों में बिना टैटू वाले लोगों की तुलना में लिंफोमा का खतरा 21 प्रतिशत अधिक था। वहीं जिन लोगों ने पिछले 2 सालों में टैटू बनवाया था उनमें लिंफोमा का खतरा 81 प्रतिशत अधिक था। शोधकर्ताओं के मुताबिक, यह समझना जरूरी है कि टैटू के लिए कौन सी स्याही यूज हो रही है यानी इसमें कौनसा केमिकल है, जो लिंफोमा के खतरे को बढ़ा सकते हैं। हालांकि, यह पूरी तरह से स्पष्ट नहीं है बस दोनों के बीच कनेक्शन होने का दावा किया जा रहा है। अगर आप टैटू बनवाने के काफी शौकीन हैं तो इतनी चिंता करने की जरूरत नहीं है। आप बस कुछ बातों का ख्याल रखकर भी टैटू बनवा सकते हैं। टैटू बनवाने के लिए किसी आप किसी प्रोफेशनल टैटू आर्टिस्ट को ही चुनें।

इसके अलावा उस जगह पर जाएं जहां हाइजीन का काफी ख्याल रखा जाता हो। टैटू मशीन पूरी तरह से क्लीन हो। इसके अलावा हमेशा अच्छे ब्रांड का इंक यूज करवाएं। लोकल क्वालिटी वाले इंक से टैटू न बनवाएं। अगर आपको कोई गंभीर बीमारी है तो स्किन स्पेशलिस्ट से सलाह जरूर लें। बता दें कि कई लोगों को टैटू बनवाने का शौक होता है। लोग अधिक फैशनेबल दिखने के लिए टैटू बनवाते हैं।

# अब 4 आसियान देशों के लोग भी कर सकेंगे यूपीआई पेमेंट

नई दिल्ली (ईएमएस)। क्रॉस बॉर्डर रिटेल पेमेंट के समर्थन में भारतीय ?रिजर्व बैंक (आरबीआई) प्र

# सूरत में १२ घंटे में ५ इंच पानी बरसा : ७ साल में दूसरी बार इतनी बारिश

## कॉजवे का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है, कॉजवे का डैंजर लेवल ६ मीटर है और ५.४६ मीटर पर पहुंचा

सूरत, ०२ जुलाई ।

गुजरात के सूरत शहर में पिछले तीन दिनों से जोरदार बारिश हो रही है। पिछले १२ घंटे में १३० मिमी यानी ५.११ इंच बारिश हुई। इस सीजन में अब तक १०.२७ इंच पानी बरस चुका है। ७ साल में यह दूसरी बार है जब जून में इतनी अधिक बारिश हुई। इससे पहले जून २०२१ में ४१२ मिमी बारिश हुई थी।

जहां पिछले ७ साल में सबसे कम बारिश दर्ज की गई थी, वहीं रविवार को इतना पानी बरस गया कि पिछले ३ साल में सबसे अधिक हो गया। वहीं सीजन की औसतन १४२४ मिमी बारिश में से १७ से १८ फीसदी बारिश हो चुकी है।

रविवार सुबह ६ से दोपहर २ बजे तक ४ इंच से अधिक बारिश हुई थी। सुबह ६ से शाम ६ बजे तक ५ इंच से अधिक बारिश हुई। जोरदार बारिश ने शहर के जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया। सड़कों पर जल जमाव देखा गया। बारिश से कई जगह हादसे भी हुए।

भारी बारिश से इंडिगो एयरलाइंस को शनिवार को सूरत-दिल्ली और दिल्ली-सूरत उड़ानें रद्द करनी पड़ीं। जबकि एक दर्जन उड़ानें एक घंटे तक की देरी से चलीं। रविवार को भी ऐसी स्थिति रही। इंडिगो की सूरत-गोवा फ्लाइट २६ मिनट, जबकि सूरत-बेंगलुरु फ्लाइट २४ मिनट लेट रही। एयर इंडिया एक्सप्रेस की बेंगलुरू फ्लाइट ५० मिनट लेट रही। एयर इंडिया की दिल्ली फ्लाइट ७० मिनट लेट रही।

रविवार सुबह एके शेड पर फूल मंडी के पास एक पेड ऑटो पर गिर पड़ा। इससे मौके पर ही ४२ वर्षीय चालक शेख हनीफ की मौत हो गई। ऑटो चालक सवारी लेने के लिए जा रहा था। पोस्टमार्टम में मौत का कारण हार्ट अटैक बताया गया।

सचिन के वांझगाम में आहिरवास के पास स्थित तालाब में नहाने गए ३० वर्षीय आकाश सिंह की डूबने से मौत हो गई। मृतक मूल रूप से उत्तर प्रदेश के देवरिया जिले का रहने वाला था। कुछ समय पहले रोजगार की तलाश में सूरत आया था। एक स्थानीय महिला ने हादसे की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस की टीम ने शव को बाहर निकाल पीएम के लिए अस्पताल भेज दिया।

कॉजवे का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। कॉजवे का डैंजर लेवल ६ मीटर है और ५.४६ मीटर पर पहुंच गया है। शहर के अलग अलग इलाकों में करीब ४० पेड़ धराशाई हो गए। शनिवार की तुलना में रविवार को अधिकतम तापमान में तीन डिग्री की गिरावट दर्ज की गई। रविवार को अधिकतम तापमान ३१.८ डिग्री और न्यूनतम २५.२ डिग्री रहा। १० किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चली।

# गेमिंग जोन अग्निकांड : पूर्व टीपीओ की ऑफिस से बरामद हुए करोड़ों की नकदी और सोना

राजकोट (ईएमएस) एन्टी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) ने राजकोट के टीआरपी गेमिंग जोन अग्निकांड मामले में गिरफ्तार शहर के पूर्व टाउन प्लानिंग ऑफिसर (टीपीओ) मनसुख सागठिया की ऑफीस से करोड़ों रुपए की नकदी और सोना बरामद कर उसकी काली कमाई का पर्दाफाश किया है बता दें कि राजकोट के टीआरपी गेमिंग जोन अग्निकांड में 27 जितने लोगों की मौत हो गई थी इस मामले में राजकोट महानगर पालिका के तत्कालीन टीपीओ मनसुख सागठिया समेत कई आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है मनसुख सागठिया की काली कमाई की एसीबी जांच कर रही है और अब उसकी ऑफिस से करोड़ों की नकदी और आभूषण बरामद किए गए हैं पूर्व टीपीओ मनसुख सागठिया की राजकोट शहर के 150 फूट रिंग रोड स्थित ट्वीन टावर बिल्डिंग में एक ऑफीस है, जिसका टैक्स नहीं भरने पर सील कर दिया था एसीबी ने बीती रात आरोपी को साथ में रखकर उसकी ऑफिस खोली जहां से रु. 5 करोड़ की नकदी और एक करोड़ रुपए से अधिक कीमत का सोना बरामद किया है एसीबी की जांच में अभी और भी बड़े खुलासे होने की संभावना है चर्चा है कि मनसुख सागठिया के पास 500 करोड़ रुपए से भी अधिक की संपत्ति है बता दें कि टीआरपी गेमिंग जोन अग्निकांड मामले में गिरफ्तार पूर्व टीपीओ मनसुख सागढिय के अलावा फायर समेत विभागों के अधिकारियों के खिलाफ जांच जारी है एसीबी ने पूर्व टीपीओ मनसुख सागठिया के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति का केस दर्ज किया है इसके अंतर्गत तीन स्थलों पर रेड कर रु. 10.55 करोड़ से ज्यादा संपत्ति का खुलासा किया है, जो मनसुख सागठिया की आय से अधिक संपत्ति दर्शाता है एसीबी की जांच में मनसुख सागठिया की राजकोट में गैस एजंसी, पेट्रोल पंप और अहमदाबाद में आलीशान बंगले होने का खुलासा हुआ है एसीबी मनसुख सागठिया के पैतृक गांव में जांच कर रही है

# नर्मदा बांध समेत ११ बड़े डैम ५१ फीसदी भरे

# सौराष्ट्र के १० जिलों में रेड अलर्ट : जूनागढ़-पोरबंदर नेशनल हाईवे बंद

जूनागढ, ०२ जुलाई ।

दक्षिण गुजरात और सौराष्ट्र में मूसलाधार बारिश जारी है। सोमवार सुबह से दोपहर २ बजे तक सौराष्ट्र के मणावदर, उपलेटा, कुतियाणा में ७ से ८ इंच बारिश हुई, जिसके चलते कई इलाकों में बाढ़ के हालात बन गए हैं। सड़कें पानी में डूब जाने से मणावदर तालुका के कई गांव संपर्कविहीन हो गए हैं। जूनागढ़-पोरबंदर शजमार्ग भी बंद कर दिया गया है।

गुजरात के लोगों के लिए खुशी की बात यह है कि जुलाई महीने से पहले ही नर्मदा बांध ५१ फीसदी भर चुका है। इसके साथ ही राज्य के ११ अन्य डैम भी ५० से ७० फीसदी तक भर चुके हैं। गुजरात की समुद्री सीमा में साइक्लोनिक सिस्टम बनने के चलते सौराष्ट्र में मूसलाधार बारिश हो रही है।

मौसम विभाग ने सौराष्ट्र के १० जिलों में रेड अलर्ट जारी किया है। इसके साथ ही मछुआरों को समुद्र में न जाने की चेतावनी जारी की है। मौसम विभाग ने अगले पांच दिनों तक ऐसा ही मौसम बने रहने का अनुमान जताया है।

पोरबंदर जिले में जोरदार बारिश से जलस्रोतों में पानी बढ़ने लगा है। नदियों और नहरों में नया पानी आ गया है। पोरबंदर जिले और उसके आसपास के जलाशयों में भी पानी की आवक जारी है। जानकारी के अनुसार, पोरबंदर के सोरठी में २० मिमी बारिश, बंदवा खारा में ११० मिमी, रणाखिरसरा में ३३ मिमी, कालिंदरी में ७० मिमी, खंभाल में ६० मिमी, अमीपुर में ६० मिमी और फोडल में ३५ मिमी बारिश दर्ज की गई है।

नवसारी शहर में भी भारी बारिश हो रही है। सोमवार दोपहर १२ बजे से दो बजे तक ही साढ़े तीन इंच से ज्यादा बारिश हो गई, जिससे निचले इलाकों के कई घरों में पानी भर गया। सबसे ज्यादा प्रभावित क्षेत्र जलालपुर रहा, जहां दो इंच से ज्यादा बारिश होने से घरों-दुकानों में पानी भर गया। सड़कें पानी में डूब जाने से घंटों तक यातायात प्रभावित रहा।

वलसाड के धरमपुर कस्बे के पास से गुजरने वाली स्वर्गवाहिनी नदी पर दो साल पहले करोड़ों रुपयों की लागत से से बने पुल की सुरक्षा दीवार शनिवार को ढह गई। पुल पर कारेबार कर रहे लॉरी संचालकों में से ३ लॉरी और एक बाइक भी बह गई। नवसारी के विजलपोर इलाके में आशापुरी मंदिर के पास एक पेड़ गिर गया। पेड़ की चपेट में आने से बिजली का खंभा भी टूट गया।

अहमदाबाद सहित पूरे गुजरात के विभिन्न हिस्सों में पिछले कुछ दिनों से भारी बारिश हो रही है। रविवार को कल सूरत के पलसाणा तालुक में भारी बारिश हुई और गुजरात में सबसे अधिक बारिश भी इसी तालुका में दर्ज की गई है।

मौसम विभाग के मुताबिक गुजरात में ३० जून तक १२ फीसदी बारिश कम हुई है। जून के अंत तक गुजरात में ११८ मिमी बारिश होनी चाहिए थी, लेकिन अब तक १०४ मिमी बारिश ही हुई है। हालांकि, मौसम के सक्रिय रहने से यह कमी अगले दो-तीन दिनों में पूरी हो सकती है।

# फ्रांस के राजदूत डॉ. थिएरी माथू ने की गांधीनगर में मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल से शिष्टाचार भेंट

.गांधीनगर,02 जुलाई, 2024:फ्रांस के भारत स्थित राजदूत डॉ. थिएरी माथू ने मंगलवार को गांधीनगर में मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल से शिष्टाचार भेंट की। श्री पटेल ने इस बैठक में फ्रांस व भारत के ऊष्मापूर्ण संबंधों का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व मित्र बनने की ओर आगे बढ़ रहा है।

फ्रांस को ओलंपिक गेम्स के आयोजन में जो महारथ हासिल है, उसका लाभ गुजरात में आयोजित होने वाले आगामी 2036 के ओलंपिक में भी प्राप्त हो; इसके लिए मुख्यमंत्री ने इस बैठक में विस्तृत विचार-विमर्श किया।

उन्होंने इस संदर्भ में कहा कि गुजरात ओलंपिक गेम के लिए जरूरी इन्फ्रास्ट्रक्चर एवं अन्य सुविधाओं में फ्रांस के ज्ञान कौशल का सहयोग लेना चाहता है। मुख्यमंत्री ने ओलंपिक गेम के समापन के बाद इस इन्फ्रास्ट्रक्चर का दीर्घावधि के लिए उपयोग किए जाने की फ्रांस की एक्सपर्टाइज का विनियोग करने में भी रुचि दर्शाई। फ्रांस के राजदूत ने गुजरात के साथ रिन्यूएबल एनर्जी, पोर्ट्स तथा स्पोर्ट्स सेक्टर में संबंध बढ़ाने के प्रति उत्सुकता व्यक्त की।

उन्होंने वाइब्रेंट समिट 2024 में फ्रांस के प्रतिनिधि मंडल की उपस्थित का उल्लेख करते हुए यह भी कहा कि इस समिट में दो फ्रेंच उद्योग समूहों ने निवेश के लिए घोषणा की है। डॉ. माथू ने बैठक में बताया कि उन्होंने अहमदाबाद में भार तीय प्रबंध संस्थान (आई आईएम) तथा भारतीय डिजाइन संस्थान (एनआईडी) का दौरा भी किया। उन्होंने कहा कि वे महात्मा गांधी इंटरनेशनल स्कूल के साथ मिल कर गिफ्ट सिटी में शैक्षणिक परिसर प्रारंभ करने की दिशा में विचार कर रहे हैं।

मुख्यमंत्रीश्री भूपेंद्र पटेल ने फ्रांस के राजदूत को गिफ्ट सिटी में उपलब्ध सुविधाओं तथा गिफ्ट सिटी की विशेषताओं का विवरण देते हुए कहा कि गिफ्ट सिटी पिछले 10 वर्षों में इंटरनेशनल फाइनांस टेक सिटी के रूप में विकसित हुई है। देश का प्रथम इंटरनेशनल फाइनेंशियल सर्विस सेंटर गिफ्ट सिटी में कार्यरत है। इतना ही नहीं, फिनटेक, आईटी एंड आईटीईएस, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे उभरते क्षेत्रों का भी एक पूरे इकोसिस्टम का लाभ गिफ्ट सिटी में मिल सकता है। फ्रांस के राजदूत ने इन सभी क्षेत्रों के अलावा रिन्यूएबल एनर्जी, नेशनल मैरीटाइम हेरिटेज म्यूजियम जैसे सेक्टर में भी गुजरात के साथ सहभागीदारी के विषय में विचार-विमर्श किया।

श्री पटेल ने रिन्यूएबल एनर्जी उत्पादन के लिए फ्रांस को भूमि उपलब्ध कराने, भूमि का चयन एवं आवंटन करने तक राज्य सरकार के सपोर्ट का आश्वासन दिया।

इस बैठक में मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव श्री पंकज जोशी, उद्योग विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री एस. जे. हैदर, मुख्यमंत्री की सचिव श्रीमती अवंतिका सिंह, विशेष कार्याधिकारी (ओएसडी) श्री ए. बी. पंचाल, गुजरात मैरीटाइम बोर्ड (जीएमबी) के उपाध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्री राजकुमार बेनीवाल, इंडस्ट्रियल एक्सटेंशन ब्यूरो (इंडेक्स-बी) के प्रबंध निदेशक श्री गौरांग मकवाणा आदि उपस्थित रहे।

# महिला पुलिसकर्मी को बुटलेगर के साथ पकड़ा, कार से शराब जब्त

अहमदाबाद, ०२ जुलाई ।

पूर्वी कच्छ में सीआईडी क्राइम शाखा में कार्यरत महिला पुलिसकर्मी को बुटलेगर साथी के साथ शराब तस्करी करते समय पुलिस ने पकड़ा।पूर्वी कच्छ पुलिस को रविवार रात को सूचना मिली की कच्छ के भचाऊ के नजदीक सफेद रंग की एक कार में कुछ लोग शराब तस्करी कर ला रहे हैं। पूर्वी कच्छ में सीआईडी क्राइम शाखा में कार्यरत महिला पुलिसकर्मी को बुटलेगर साथी के साथ शराब तस्करी करते समय पुलिस ने पकड़ा।पूर्वी कच्छ पुलिस को रविवार रात को सूचना मिली की कच्छ के भचाऊ के नजदीक सफेद रंग की एक कार में कुछ लोग शराब तस्करी कर ला रहे हैं। पुलिस को मिली सूचना के आधार पर भचाऊ पुलिस ने हाइवे पर जांच पड़ताल शुरू की।

इसी बीच, भचाऊ के चोपडवा के नजदीक सफेद रंग की कार दिखी। पुलिसकर्मी जैसे ही कार के पास पहुंचे, तब कार चालक ने भागने की कोशिश की और पुलिसकर्मियों पर कार चढ़ाने का प्रयास किया।पुलिसकर्मियों ने जैसे-तैसे अपना बचाव किया। कार चालक वहां से तेज रफ्तार में कार को भगा ले गया। कुछ आगे दूसरे पुलिसकर्मियों ने कार को रोकने के लिए कार के पीछे फायरिंग की। चालक को कार रोकनी पड़ी।

जब पुलिसकर्मियों ने कार की तलाशी ली तो उनके होश उड़ गए। क्योंकि कार में बुटलेगर युवराजसिंह के साथ एक महिला पुलिसकर्मी भी कार में सवार थीं। दोनों को पकड़ लिया गया।पकड़ी गई महिला पुलिसकर्मी नीता चौधरी हैं, वह पूर्वी कच्छ के गांधीधाम में सीआईडी क्राइम पुलिस थाने में तैनात हैं। कार से पुलिसकर्मियों ने शराब की बोतलें भी बरामद कीं।

महिला पुलिसकर्मी के साथ पकड़े गए हिस्ट्रीशीटर बुटलेगर खिलाफ १६ से ज्यादा मामले दर्ज हैं। इनमें हत्या के प्रयास के मामले भी शामिल हैंपूर्वी कच्छ के एसपी सागर बागमार ने बताया की मामले में कार और शराब जब्त कर ली गई है। महिला पुलिसकर्मी व बुटलेगर को गिरफ्तार कर लिया है। दोनों के खिलाफ पुलिसकर्मियों की हत्या करने की कोशिश समेत शराब तस्करी का मामला दर्ज किया गया है। महिला पुलिसकर्मी का सोशल मीडिया हैंडल विवादित वीडियो से भरा हुआ है। इस घटना के बाद सोशल मीडिया पर उसके वीडियो वायरल हो रहे हैं।

# नए कानूनों के तहत गुजरात में पहले दिन १६४ मामले हुए दर्ज

अहमदाबाद, ०२ जुलाई ।

गुजरात पुलिस ने नए आपराधिक कानूनों की पालना शुरू कर दी है। राज्य की राजधानी गांधीनगर के चिलोडा थाने में नए कानून के तहत राज्य का पहला मामला दर्ज किया गया।

देश में सोमवार एक जुलाई से तीन नए आपराधिक कानून-भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस)-२०२३, भारतीय साक्ष्य अधिनियम-२०२३ (बीएसए) व भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसए) - २०२३ लागू किए गए। गुजरात पुलिस ने नए कानूनों के तहत सोमवार को पहले दिन राज्य में १६४ प्राथमिकी (एफआईआर) दर्ज की। नए कानून के तहत राज्य में पहली एफआईआर राज्य की राजधानी गांधीनगर जिले के चिलोडा थाने में दर्ज की गई। इसमें बीएनएस की धारा २८५ के तहत मामला दर्ज किया गया है।

गुजरात में बीएनएएस २०२३ के तहत पहली एफआईआर एक बाइक चालक के विरुद्ध दर्ज की गई। गांधीनगर के ईसनपुर मोटा गांव निवासी निकुल बिहोला (१९) पर आरोप है कि उसने अपनी बाइक को मोटा चिलोडा सर्कल से दहेगाम जाने वाले मार्ग पर पैदल जाने वाले यात्रियों व वाहन चालकों को रुकावट के रूप में पार्क की। इस मामले में रविवार मध्यरात्रि बाद सवा १२ बजे से पौने एक बजे तक पंचनामा किया गया और मध्यरात्रि बाद एक बजे एफआईआर दर्ज की गई। चिलोडा थाने के कांस्टेबल नरेश कुमार शिकायतकर्ता बने।

गांधीनगर के सेक्टर ७ पुलिस स्टेशन में बीएनएस की धारा २८५ के तहत मध्यरात्रि बाद १.१५ बजे दर्ज की गई। यह एफआईआर पानीपुरी का ठेला खड़ा करने के विरुद्ध दर्ज की गई। शिकायतकर्ता कांस्टेबल उमेश अंबालाल ने सेक्टर-११ में एसटी डिपो के प्रवेश द्वार के सामने शेड पर पानीपुरी का ठेला लगाने वाले विशाल राजपूत (१९) के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करवाई है। इसमें आरोप है कि उसने यह ठेला आने-जाने वाले लोगों और एसटी बस को रुकावट हो इस प्रकार से खड़ी की। गांधीनगर के सेक्टर-२१ थाने में बीएनएस धारा २८१के तहत सेक्टर रविवार मध्यरात्रि बात एक बजे दीक्षित परमार (४२) के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई। सेक्टर-१९ निवासी सीएनजी ऑटो चालक दीक्षित परमार कथित तौर पर अपने ऑटोरिक्शा को लापरवाही से चला रहा था। कांस्टेबल राजेन्द्र सिंह ने इस मामले में प्राथमिकी दर्ज करवाई। गांधीनगर के इन्फोसिटी थाने में दिनेश गज्जर (१९) के खिलाफ बीएनएस धारा २८५ के तहत पानी पुरी का ठेला लगाकर सार्वजनिक सड़क को बाधित करने के आरोप में दर्ज किया गया है।

## मिट्टी धंसने से दबा श्रमिक 20 मिनट के रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद जीवित निकला

मेहसाणा (ईएमएस) मेहसाणा जिले से एक चमत्कारिक घटना सामने आई है मिट्टी धंसने एक श्रमिक उसमें दब गया था, जिसे सुरक्षित बाहर निकालने के लिए बुलडोजर समेत आसपास के अन्य श्रमिकों ने प्रयास तेज कर दिए जिसमें 20 मिनट का वक्त लग गया और जब श्रमिक बाहर निकला उसे देख सभी चौंक उठे 20 मिनट तक मिट्टी में दबा रहा श्रमिक जीवित थे यह घटना है मेहसाणा जिले की सतलासणा तहसील के सुदासणा गांव की है

सुदासणा गांव स्थित तालाब में पाइन लाइन बिछाने का काम चल रहा है उस दौरान अचानक मिट्टी धंसने एक श्रमिक उसके नीचे दब गया घटना के बाद अन्य श्रमिकों ने तुरंत उसे बचाने का प्रयास शुरू कर दिया पहले बुलडोजर से मिट्टी हटाई और बाद में श्रमिकों ने फावडे समेत अन्य साधनों से खुदाई की करीब 20 मिनट तक चले रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद श्रमिक को बाहर निकालने में सफलता मिली

# मुंबई में जापान के महावाणिज्य दूत ने मुख्य मंत्री भूपेंद्र पटेल से की शिष्टाचार भेंट

गांधीनगर 02 जुलाई : मुंबई में जापान के महावाणिज्य दूत श्री यागी कोजी ने मुख्यमंत्री श्री भूपेंद्र पटेल से मंगलवार को गांधीनगर में शिष्टाचार भेंट की।

उन्होंने गुजरात के अपने इस दौरे को आनंददायक बताते हुए मुख्यमंत्री के साथ बातचीत में कहा कि जापान-भारत-गुजरात के पारस्परिक मजबूत संबंध और वैश्विक रणनीतिक साझेदारी का श्रेय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के विजन को जाता है।

उन्होंने कहा कि इसके फलस्वरूप दोनों राष्ट्रों के बीच व्यापार और आर्थिक क्षेत्र के संबंधों की एक नई दिशा खुली है, विशेष रूप से वाइब्रेंट ग्लोबल समिट की शानदार सफलता ने जापान के अनेक उद्योगों को गुजरात में निवेश के लिए प्रेरित किया है। उन्होंने इस बात का भी उल्लेख किया कि मुख्यमंत्री श्री भूपेंद्र पटेल का जापान दौरा भी फलदायी सिद्ध हुआ है।

जापान के महावाणिज्य दूत ने कहा कि वाइब्रेंट समिट-2024 में सुजुकी मोटर्स ने गुजरात में अपनी विस्तार परियोजना की घोषणा की है। इतना ही नहीं, जापान की सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग कंपनियां भी भारतीय कंपनियों के साथ सहयोग कर गुजरात में आने को उत्सुक हैं।

मुख्यमंत्री श्री भूपेंद्र पटेल ने इस उत्सुकता की सराहना करते हुए कहा कि गुजरात सरकार ऐसी परियोजनाओं के लिए जरूरी स्थल और भूमि के चयन तथा आवंटन में आवश्यक मदद करेगी। मुख्यमंत्री ने वाइब्रेंट समिट की उत्तरोत्तर शानदार सफलताओं में जापान की सहभागीदारी की प्रशंसा की।

जापान के महावाणिज्य दूत श्री यागी कोजी ने इस बैठक में हुई बातचीत के दौरान कहा कि ऑटोमोबाइल और सेमीकॉन के अलावा रिन्यूएबल एनर्जी और ग्रीन अमोनिया प्रोजेक्ट में भी गुजरात के साथ निवेश की संभावनाएं हैं।

# बीजेपी को हराने की चुनौती...गुजरात में INDIA अलायंस का हाल

अहमदाबाद: कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बीजेपी को गुजरात में हराने की चुनौती दी है। लोकसभा में राहुल गांधी ने खुली चुनौती देते हुए कहा था कि लिखकर ले लो आप को इंडिया गठबंधन गुजरात में हराएगा। गुजरात में दोनों पार्टियों के गठबंधन तोड़ने का ऐलान नहीं हुआ है लेकिन आप बड़े नेताओं ने राहुल के बयान पर गर्मजोशी नहीं दिखाई है।

18वीं लोकसभा में नेता विपक्ष बने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने 2027 में बीजेपी को उसके सबसे मजबूत गढ़ में हराने की हुंकार भरी है। राहुल गांधी ने यह बयान ऐसे वक्त पर दिया है जब कांग्रेस का आप का गठबंधन दिल्ली और हरियाणा में टूट चुका है। दिल्ली और हरियाणा में कांग्रेस साफ कर चुकी है कि गठबंधन सिर्फ राष्ट्रीय चुनाव के लिए था। ऐसे में सवाल खड़ा हो रहा है कि राहुल गांधी ने किस रणनीति के तहत यह कहा कि बीजेपी को गुजरात में ध्ध्ई अलायंस हरा देगा। राहुल गांधी ने लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर बोलते हुए कहा था कि लिखकर ले ले, हम आपको गुजरात में हराएंगे। गुजरात में कांग्रेस और आप ने लोकसभा चुनाव मिलकर लड़ा था। आम आदमी पार्टी ने भरूच में बीजेपी को अच्छी टक्कर दी थी, लेकिन भावनगर में उसका बीजेपी का काफी फासला रहा। राहुल गांधी के बयान के बाद चर्चा शुरू हो गई है कि क्या गुजरात में कांग्रेस और आप की दोस्ती बरकरार रहेगी?

# बजरंग दल और विहिप ने अहमदाबाद में कांग्रेस दफ्तर पर पत्थरबाजी

अहमदाबाद, ०२ जुलाई ।

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी द्वारा बीते सोमवार को संसद में दिए गए बयान के बाद हंगामा मचा हुआ है। इस बयान के बाद कई जगहों पर हिंसा हुई है। कांग्रेस नेता और पार्टी प्रवक्ता हेमंग रावल का दावा है कि कल रात भाजपा बजरंग दल और विहिप से जुड़े लोगों ने अहमदाबाद में कांग्रेस कार्यालय पर पथराव किया। मामले में पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई है।

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी द्वारा बीते सोमवार को संसद में दिए गए बयान के बाद हंगामा मचा हुआ है। इस बयान के बाद कई जगहों पर हिंसा हुई है। कांग्रेस नेता और पार्टी प्रवक्ता हेमंग रावल का दावा है कि कल रात भाजपा बजरंग दल और विहिप से जुड़े लोगों ने अहमदाबाद में कांग्रेस कार्यालय पर पथराव किया। मामले में पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई है।

वहीं, कांग्रेस नेता और पार्टी प्रवक्ता हेमंग रावल का दावा है कि कल रात भाजपा, बजरंग दल और विहिप से जुड़े लोगों ने संसद में राहुल गांधी द्वारा हिंदुओं पर की गई टिप्पणी के विरोध में अहमदाबाद में कांग्रेस कार्यालय पर पथराव किया। मामले में पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई है।

# मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी संजय श्रीवास्तव लिखित पुस्तक का किया अनावरण

गांधीनगर 02 जुलाई, 2024 : मुख्यमंत्री श्री भूपेंद्र पटेल ने ठअहमदाबाद रथयात्रा – अ जर्नी ऑफ मिरेकलठ पुस्तक का मंगलवार को गांधीनगर में अनावरण किया।

सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी तथा अहमदाबाद शहर के पूर्व पुलिस आयुक्त श्री संजय श्रीवास्तव द्वारा लिखित और श्री कमलेश आचार्य एवं श्री रेखा श्रीवास्तव द्वारा सहलिखित इस पुस्तक के अनावरण समारोह में गृह राज्य मंत्री श्री हर्ष संघवी तथा अहमदाबाद स्थित जगन्नाथ मंदिर के महंत श्री दिलीपदास महाराज की प्रेरक उपस्थित रही।

मुख्यमंत्री श्री भूपेंद्र पटेल ने समारोह में कहा कि आने वाली पीढ़ी सांस्कृतिक विरासत पर गर्व कर सके, ऐसे अनेक उदाहरण इस पुस्तक से मिलेंगे। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि नई पीढ़ी के लिए यह पुस्तक हमारी वर्षों से आयोजित होने वाली सांस्कृतिक विरासत समान रथयात्रा को समझने का उत्तम दस्तावेज सिद्ध होगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने विकास एवं विरासत को साथ लेकर चलने की बात की है। हम चाहे जितना विकास करें, परंतु संस्कृति एवं विरासत से रहित विकास निरर्थक है। इसीलिए प्रधानमंत्री ने 'विरासत भी-विकास भी' का मंत्र हमें दिया है।

श्री पटेल ने जोड़ा कि वर्षों से रथयात्रा सभी के सामूहिक प्रयासों से निर्विघ्न रूप से आयोजित होती है। यह किसी चमत्कार से कम नहीं है। यह पुस्तक सामूहिक प्रयास एवं मैनेजमेंट के उत्तम उदाहरण समान इस रथयात्रा से नई पीढ़ी में प्रभु जगन्नाथ के प्रति आस्था को और दृढ़ बनाने के अनेक उदाहरणों से अवगत कराएगी। उन्होंने इस पुस्तक के प्रसंगों एवं चमत्कारों को जगत का संचालन करने वाली ईश्वरीय शक्ति पर श्रद्धा तथा आस्था को प्रबल बनाने वाले बताया।

इस अवसर पर गृह राज्य मंत्री श्री हर्ष संघवी ने कहा कि प्रति वर्ष अहमदाबाद में आयोजित होने वाली भगवान जगन्नाथजी की रथयात्रा नागरिकों की आस्था तथा व्यवस्था का केन्द्र है। यह पुस्तक रथयात्री की आस्था एवं व्यवस्था को दर्शाने वाली एक प्रेरणादायी पुस्तक है। अहमदाबाद में रथयात्रा के दौरान लाखों की संख्या में छोटे बच्चों से लेकर बड़े-बुजुर्ग नागरकि भगवान जगन्नाथजी के दर्शन का लाभ उठाने के लिए आते हैं। यह लोगों की आस्था है, परंतु ऐसे समय में कानून-व्यवस्था, सुरक्षा, शांति के लिए पुलिस प्रशासन मुस्तैद रहता है। यह राज्य सरकार की व्यवस्था है।

श्री संघवी ने अहमदाबाद रथयात्रा पुस्तक के एक अध्याय का उल्लेख करते हुए कहा कि पुस्तक में लिखित तथा रथयात्रा से जुड़ी वसंत-रजब की कहानी सच्चे अर्थ में मानव धर्म का प्रतीक है। रथयात्रा में प्रत्येक समाज का योगदान बढ़ाने और शहर में शांति-सुरक्षा के वातावरण का निर्णय करने के लिए राज्य सरकार द्वारा ह्यूमन इंटेलिजेंस के साथ सोशल पुलिसिंग के प्रयास भी किए जा रहे हैं। उन्होंने पुस्तक के लिए लेखकों को अभिनंदन भी दिया।

श्री जगन्नाथ मंदिर-अहमदाबाद के महामंडलेश्वर श्री दिलीपदासजी गुरु रामेश्वरदासजी ने अपने प्रासंगिक संबोधन में लेखकों को अभिनंदन दिया। पुस्तक के लेखक श्री संजय श्रीवास्तव ने सबका स्वागत करते हुए पुस्तक की विस्तार से रूपरेखा दी। श्री कमलेश आचार्य ने पुस्तक के कुछ अंश लोगों के समक्ष प्रस्तुत किए, जबकि श्री रेखा श्रीवास्तव ने आभार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम के दौरान गोस्वामी-हवेली असारवा बैठक के गोस्वामी श्री मधुसूदनजी महोदय (श्री तिलक बावा), श्री जगन्नाथ मंदिर-अहमदाबाद के ट्रस्टी श्री महेन्द्रभाई झा तथा गीतिका सहगल सहित विभिन्न महानुभाव एवं लोग उपस्थित रहे।

# पूंजीगत व्यय में वृद्धि से अगले दशक में मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र को बढ़ावा मिलेगा

2024: भारत का मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र अगले दशक में पर्याप्त वृद्धि के लिए तैयार है। वित्त वर्ष 2034 तक विनिर्माण क्षेत्र का तीन गुना विस्तार होने का अनुमान है। चालू वित्त वर्ष 2024 में मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र का बाजार मूल्य 459 बिलियन अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 1.66 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। यह वृद्धि पिछले दशक में हुई 175 बिलियन डॉलर की औसत वृद्धि से अधिक है। इसके अतिरिक्त, कम माल ढुलाई लागत और बेहतर बुनियादी ढांचे के कारण सकल घरेलू उत्पाद में मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र का योगदान वित्त वर्ष 2024 में 14 प्रतिशत से बढ़कर वित्त वर्ष 2034 तक 21 प्रतिशत हो जाने की उम्मीद है।

डीएसपी म्यूचुअल फंड के फंड मैनेजर चरणजीत सिंह ने कहा, ठपिछले 5 वर्षों में, सरकार ने बड़े सुधारों और नीतिगत बदलावों पर ध्यान केंद्रित किया है। हमारा मानना है कि वित्त वर्ष 2025-30 कार्यान्वयन की अवधि होगी। साथ ही, निजी पूंजी का उपयोग, जिसमें लंबे समय से ज्यादा वृद्धि नहीं देखी गई है, वह बढ़ती रहेगी। उपयोग के स्तर में वृद्धि, मजबूत कॉर्पोरेट बैलेंस शीट और राजनीतिक स्थिरता जैसे प्रमुख कारक वित्त वर्ष 2026 से निजी पूंजी के पुनरुद्धार में तेजी ला सकते हैं ठ


**पश्चिम रेलवे - वडोदरा मंडल**

**गति शक्ति विभाग**

**रोड ओवर ब्रिज का निर्माण**

**ई-निविदा सूचना सं.**

**CPM-GSENGG-BRC-02-2024-25**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए मुख्य परियोजना प्रबंधक (गति शक्ति) पश्चिम रेलवे, प्रतापनगर, वडोदरा-390 004 द्वारा निम्नानुसार कार्यों हेतु मुहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती है। **i) निविदा सं. CPM-GS-ENGG-BRC-02-2024-2025 ii) कार्य का नाम:** वडोदरा-नेरतपुर अनुभाग :- नेनपुर-कनीज के बीच 471/16-18 कि.मी. अंतर्गत दो लेन रोड ऑवर ब्रिज (ROB) का प्रावधान कर के लेवल X-ing सं. 294 का निरसन करने का कार्य। **iii) कार्य की अनुमानित लागत (रु.में):** ₹ 47,88,15,334.26 (रूपये सैंतालीस करोड अड़ासी लाख पंद्रह हजार तीन सौ चौंतीस और छब्बीस पैसे केवल) **iv) जमा कराने की बयाना राशी (रु.में):** ₹ 25,44,100/- (रुपये पच्चीस लाख चवालीस हजार एक सौ केवल) **v) बिडींग के लिए ऑनलाईन निविदा की उपलब्धता:** दिनांक 09/07/2024 को 11:00 बजे से 23/07/2024 को 15:00 बजे तक। **तकनिकी बिड खुलने की तारीख और समय:** 23/07/2024 को 15:30 बजे। **vi)** निविदा दस्तावेज की लागत (अप्रतिदेय), ईएमडी, योग्यता मानदंड, समान प्रकार का कार्य, विस्तृत निविदा शर्तें समाविष्ट विस्तृत सुचना के लिए www.ireps.gov.in की मुलाकात लें। **मैनुअल ऑफरों पर विचार नहीं कीया जायगा।**

BRC-099

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे - वडोदरा मंडल**

**विभिन्न सिग्नलींग कार्य**

**निविदा सूचना सं. S&T/BRC/24-25/07/